


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 248 | ग्वालियर सोमवार 14 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


**गोहद विधानसभा क्षेत्र को 450 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा हुए शामिल**


## छछुंदर के सिर में चमेली का तेल, वाह रे कमलनाथ तेरा खेल - सीएम शिवराज



**भिंड।** भिंड जिले के गोहद विधानसभा को रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और सांध्या राय ने गोहद विधानसभा क्षेत्र की जनता करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी है। भिंड जिले के गोहद विधानसभा के इटाली गेट ग्राउंड में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने भिंड और गोहद विधानसभा की जनता के साथ धोखा किया है। गोहद जब पीने का पानी मांगने जाता था और विधायक से कमलनाथ कहते थे कि चलो- चलो वह बिधायक का अपमान नही करते वह जनता का अपमान करते थे। कांग्रेस ने चुनाव में सिंधिया जी के चेहरे पर बोट लिए , वह कभी गोहद आये थे क्या वह तो बंगाल के है कांग्रेस ने दूल्हा किसी को बताया, फेरे किसी के पड़े और मंगल गीत किसी और के गाए गए वाह री सोनिया गांधी। छछुंदर के सिर में चमेली का तेल वाह रे कमलनाथ तेरा खेल। मुझसे सहकारिता विभाग पैसा मांग रहा है क्योंकि फसल बीमा में गड़बड़ी की। बहनों के मुंह से लड्डू छीनकर खा गए। बच्चे के 25 हजार खा गए लेकिन मैं दोनों योजना के पैसे फिर से देना प्रारम्भ कर दूंगा। गरीब की थाली कभी नही रहे खाली। 17 तारीख से सभी गरीबों को 1 रुपए में अन्न मिलेगा। खाली राम की चिड़िया राम को खेत भर भर खाओ चिरिया खेत और इसी वर्ष पुलिस की भर्ती की जाएगी और मालनपुर में नए उद्योग लगेंगे। उन्होंने गोहद की जनता से अपील की आप लोग यह संकल्प ले हम विकास के साथ और सिंधिया जी के साथ है रणवीर जाटव को विजयी बनाये। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कमलनाथ वादा पूरा नही करते है और भूल जाते है। भिण्ड जिले के गोहद विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य के आयोजन में अपने चिर-परिचित अंदाज में भाषण देते हुए राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा मेरी आन- बान और शान भिंड जिले की जनता है, अभी यह युवा अपनी कहानी सुना रहा था इसके ऊपर से एक साया उठ गया था और गोहद की जनता के सामने इनकी माँ झोली फैलाई थी। मेरे पूर्वज किसानी से सम्बंधित थे वह रथेर गांव में पाटिल होते थे। जोशीले अंदाज में श्री सिधिया ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूँ कि गोहद की जनता के साथ खड़ा रहूंगा। सिंधिया परिवार आपकी प्रगति और विकास के लिए हर समय तैयार है। कमलनाथ कहते थे कि किसान का कर्जा माफ कर देंगे लेकिन जनता के साथ छलावा। कांग्रेस के कमलनाथ और दिग्विजय सिंह और कमलनाथ गददार है। बेरोजगार युवकों 60 हजार भत्ता देने की बात कहते थे, 51 हजार बेटियों की शादी में देने की बात कहते थे लेकिन झूठे बादे दोनों गद्दार है। कमलनाथ की तिजोरी की चावी है लेकिन शिवराज सिंह की दिल की चावी है और तालियों की गड़गड़ाहट से खुलती है। सभा में राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य ने कमलनाथ को निशाने पर लेते हुए कहा कि सीएम रहते हुए कमलनाथ कभी गोहद नहीं आए। अब उनको क्या हक गोहद आने का है एक मुख्यमंत्री मुखेठा का था और एक रस्सी पीछे से खींचे हुए। कांग्रेस के नेता अवैध उत्खनन करते रहे अव वही चिल्ला रहे है नदी बचाओ। देश विदेश से लोग बुलाये जा रहे है । कांग्रेस में बड़ा भाई और छोटा भाई की जोड़ी रही है। हम गोहद में आज गोहद के 133 करोड़ की नहर की परियोजना का शुभारंभ होने जा रहा है और सीएम शिवराज और हम सभी गोहद विधानसभा के लिए 450 करोड़ के विकास कार्य लेकर हम आये है। सिंधिया ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मैं गारण्टी देता हूँ कि उपचुनाव के बाद यह दिल्ली चले जाएंगे, मुख्यमंत्री बनने आये थे। राज्यसभा सांसद ने गोहद की जनता से रणवीर जाटव को जीत दिलाने की अपील की।

## कोरोना संक्रमण में महाराष्ट्र में रूस को पीछे छोड़ा, भारत में संक्रमित की संख्या 48 लाख के पार

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के मामले में अब अमेरिका, भारत और ब्राजील के बाद महाराष्ट्र चौथे नंबर पर पहुंच गया है। उसके बाद रूस का नंबर है। महाराष्ट्र में रविवार को 22,543 नए संक्रमित मिलने के साथ ही पीड़ितों की संख्या बढ़कर 10,60,308 हो गई। जबकि रूस में कोरोनावायरस पीड़ितों की संख्या 10,53,663 है। महाराष्ट्र और रूस की तुलना करें तो रूस में इस बीमारी से 18,426 लोगों की मौत हुई है जबकि महाराष्ट्र में 29,531 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में 1,64,237 सक्रिय मरीज हैं जबकि महाराष्ट्र में ,90,344 सक्रिय मरीज हैं। हर पैमाने पर महाराष्ट्र रूस से आगे पहुंच गया है। जहां तक भारत की बात है भारत में रविवार को 84,164 नए संक्रमित मरीज रात 10 बजे तक मिल चुके थे, जो देर रात तक संख्या बढ़ने की संभावना है। देश में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 79,690 पहुंच गई है। जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या 9,90,046 है। जो देश की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी चुनौती है। क्योंकि देश में वेंटिलेटर की संख्या बहुत कम है और आईसीयू में बेड भी बहुत कम उपलब्ध हैं। इस गति से सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़ने का कारण भारत में अनलॉक की प्रक्रिया में तेजी है। लगभग सभी राज्यों ने अनेक सुविधाओं को फिर से खोल दिया है और आवागमन भी जारी है। ऐसे हालात में कोरोनावायरस का फैलना तय है। अक्टूबर में स्थिति बहुत भयानक हो सकती है। भारत में प्रतिदिन 1000 से ऊपर मौतें हो रही हैं जो कि दुनिया में अब सर्वाधिक हैं। कोरोना के जनक चीन के मुकाबले भारत में 48 गुना ज्यादा कोरोनावायरस संक्रमित मरीज हैं और मौतों की संख्या भी लगभग 20 गुना ज्यादा है।



## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह देर रात एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** देश के गृहमंत्री अमित शाह को श्वांस लेने में कठिनाई के चलते शनिवार देर रात केंद्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने सांस लेने में कठिनाई की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें एम्स लाया गया। डॉक्टर्स की टीम शाह के सेहत की निगरानी कर रही है। फिलहाल उनकी हालत स्थित बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया है कि अमित शाह को शनिवार रात 11 बजे एम्स में भर्ती कराया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पिछले दिनों कोरोना संक्रमित पाए गए थे। मेदांता अस्पताल में इलाज के बाद थकान और शरीर में दर्द की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती किए गए थे। अमित शाह का इलाज एम्स के डायरेक्टर डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की अगुवाई वाली टीम की देखरेख में चला था। 55 वर्षीय शाह ने 2 अगस्त को ट्विटर के माध्यम से देश के बताया था कि वह कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं।



## कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इलाज के लिए अमेरिका रवाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी मेडिकल टेस्ट के लिए विदेश रवाना हुईं और उनके साथ राहुल गांधी भी गए हैं। पार्टी महासचिव एवं मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह जानकारी दी। सुरजेवाला ने ट्वीट किया कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी चिकित्सा जांच के लिए विदेश गई हैं। यह चिकित्सा जांच महामारी के कारण टल गई थी। उनके साथ राहुल गांधी भी गए हैं। उन्होंने कहा इस मौके पर हम उनकी अच्छी कामना के लिए धन्यवाद देते हैं। विदेश जाने से पहले सोनिया गांधी ने संगठन में व्यापक बदलाव को मंजूरी दी। इससे पहले, सोनिया गांधी 30 अगस्त को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हुई थी। सर गंगा राम अस्पताल प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. राणा ने हेल्थ संबंध में जानकारी देते हुए बताया था कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जिन्हें 30 जुलाई की शाम 7 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, 2 सितंबर को दोपहर 1 बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के शीर्ष नेता रघुवंश बाबू का निधन

**नई दिल्ली।** कोरोनाकाल में दिग्गज नेताओं के अवसान का सिलसिला थम नहीं रहा। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के दिग्गज नेता रहे डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह का आज निधन हो गया। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के करीबी रहे नेता ने दिल्ली स्थित एम्स में अंतिम सांस ली। बिहार की राजनीति में रघुवंश बाबू के नाम से जाने-पहचाने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री को कुछ दिन पहले ही दिल्ली एम्स में भर्ती किया गया था। पिछले कई दिनों से रघुवंश सिंह की हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी। बताया जा रहा था कि उनको सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। दिल्ली के एम्स में इलाजरत रघुवंश बाबू की निगरानी 4 डॉक्टर, आईसीयू में कर रहे थे। रविवार सुबह रघुवंश बाबू के परिवारवालों ने बताया था कि वो अभी भी वेंटिलेटर पर ही हैं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मालूम हो कि रघुवंश प्रसाद सिंह का इलाज 4 अगस्त से ही दिल्ली स्थित एम्स में चल रहा था और वो पिछले चार दिनों से वेंटिलेटर पर थे। मालूम हो कि पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह ने कुछ दिन पहले की आरजेडी से इस्तीफा था।



## महाराष्ट्र को बदनाम करने की रची जा रही साजिश: उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि कोरोना को लेकर मुंबई को बदनाम करने की कोशिश हो रही है. उन्होंने कहा कि मेरी खामोशी को मेरी कमजोरी न समझें. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र ने कई मुसीबतों का सामना किया है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है, लेकिन ये वक्त उस पर बात करने का नहीं है. अपने संबोधन में उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं राजनीतिक साइक्लोन का सामना करता रहूंगा. उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर महाराष्ट्र को दुनिया के सामने बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. पूरी दुनिया को लग रहा है कि कोरोना की दूसरी लहर आई है. गांवों तक कोरोना पहुंच रहा है. महाराष्ट्र की स्थिति पूरी तरह खराब नहीं है. राज्य को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. उद्धव ठाकरे ने कहा कि अभी विधानसभा का सत्र महाराष्ट्र में समाप्त हुआ है. फिलहाल इसके लिए सभी पार्टियों का मैं शुक्रिया अदा करना चाहूंगा. उन्होंने कहा कि वह कई मुद्दों पर बात करना चाहते हैं लेकिन अभी कोरोना पर आपसे बात करूंगा. कोरोना को लेकर आपको डरने की जरूरत नहीं है, आप खबरदार रहें, हम जिम्मेदार रहेंगे.



## राज्यपाल से मिलने पहुंची कंगना, बोली मेरे साथ अन्याय हुआ है



मुंबई. अपना ऑफिस तोड़े जाने के 4 दिन बाद रविवार को कंगना रनोट महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी से मुलाकात करने के लिये पहुंची। उनके साथ बहन रंगोली भी थी। यह मुलाकात राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की वीडियो कॉफ्रेंसिंग के लगभग 2 घंटे के बाद हुई। राज्य की जनता को दिये संबोधन में उद्धव ने कंगना का नाम लिये बगैर कहा है कि राज्य में चल रही राजनीति पर वह अभी नहीं, बाद में बोलेंगे। उद्धव ठाकरने ने कहा है कि उनकी खामोशी को कमजोरी न समझा जाये। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक सायक्लोन आते रहेंगे और वह उनका सामना करते रहेंगे। वहीं, राज्यपाल से मिलने के बाद कंगना ने कहा है कि राजनीति से मेरा कोई लेना देना नहीं हैं। मेरे साथ जो अभ्रद व्यवहार किया गया, उसके बारे में मैंने राज्यपाल से बात की है।

## करोना संकट के बीच आज से शुरू होगा संसद का मानसूत्र सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र की शुरुआत से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को संसद भवन पहुंचे। कोरोना महामारी के मद्देनजर ओम बिरला ने संसद भवन के परिसर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मानसून सत्र की तैयारियों का निरीक्षण करने के दौरान ओम बिरला ने अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने संसद परिसर में सांसदों की एंट्री, बैठने की व्यवस्था, स्क्रीन समेत, सोशल डिस्टेसिंग कैसे फॉलो की जाएगी ओम बिरला ने सभी व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी ली। संसद भवन में तैयारियों का जायजा लेने के बाद ओम बिरला ने कहा, सदन के सदस्यों ने संकट के समय भी अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया है। मुझे आशा है कि सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे और जरूरी चर्चाओं में शामिल होंगे। ओम बिरला ने कहा कि संसद का मानसून सत्र ऐतिहासिक होगा और कोविड-19 महामारी के मद्देनजर संसद की कार्यवाही को यथासंभव डिजिटल बनाने का प्रयास करेंगे। संसद के निरीक्षण के दौरान बिरला ने अधिकारियों के साथ मिलकर संसद के कोने-कोने का निरीक्षण किया। संसद के मानसून सत्र के दौरान नई दिल्ली नगर पालिका परिषद पूरे संसद भवन को दिन में तीन बार सेनेटाइज करेगी। जिससे पूरे संसद भवन परिसर को कोरोना संक्रमण के खतरे से दूर रखा जा सके। एनडीएमसी ने संसद सत्र के लिए व्यापक अभियान की शुरुआत की है। पांच सितंबर से ही संसद भवन के पूरे परिसर को लगातार सेनेटाइज किया जा रहा है। कोविड-19 के लिए एंटीजन जांच की भी शुरुआत की गई है, जिससे कोरोना संक्रमण की पहचान पहले ही की जा सके और उपचार उपलब्ध कराया जा सके।






# शिमला मटौर हाईवे की अधिसूचना को रद्द करने के खिलाफ केंद्रीय मंत्री का पुतला फुक कर किया विरोध

**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

शिमला मटौर हाईवे की अधिसूचना को रद्द करने के खिलाफ टावर लाइन शोषित जागरूकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक, पर्यावरणविद व समाज सेवी अधिवक्ता रजनीश शर्मा ने शनिवार को श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जुखाला क्षेत्र के गसौड चौक पर भूतल परिवहन मंत्री नितिन गटकरी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया ! अधिवक्ता रजनीश शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि श्री नैना देवी जी विधानसभा के स्थानीय विधायक तथा हमीरपुर लोकसभा के सांसद की निष्क्रियता के चलते (बाया जुखाला) सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग से काट दिया गया है, जबकि हिमाचल प्रदेश के मौजूदा व पिछले सभी पूर्व व मौजूदा मुख्यमंत्री विधानसभा को आने व जाने के लिए इसी शॉर्टकट सड़क का उपयोग करते हैं, लेकिन मजाल है की स्थानीय आम जनता को राहत देने हेतु मल्टी एक्सेल ट्रकों के ट्रैफिक तथा हादसों पर कोई संज्ञान लिया हो, जबकि सभी बड़े नेता दिल्ली में राजनीतिक पार्टियों तथा बड़े नेताओं की चाटुकारिता करने के लिए हर हफ्ते दिल्ली दौड़ते हैं लेकिन अपने क्षेत्र के लोगों की जन समस्या तथा सड़क के विस्तारीकरण की मांग को किसी भी मंच पर उठाने में विफल रहे हैं, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द इस अधिसूचना पर उचित कदम नहीं उठाए गए तो केंद्रीय मंत्री के साथ-साथ लोकसभा में जाकर निष्क्रिय व लापरवाह लोकसभा सांसदों की शव यात्रा निकाली जाएगी ! उन्होंने कहा कि केंद्रीय भूतल सड़क परिवहन एवं उच्च मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 6 जून, 2016 को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वोट हासिल करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के लुभावने विज्ञापनों व वायदों से बेवकूफ बनाया था, हिमाचल दौरे के दौरान इस प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। इसके लिए 10 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित बजट मंजूर हुआ था, जिसमें 5 हजार करोड़ रुपये सिविल वर्क के लिए निर्धारित था। इस प्रोजेक्ट के लिए तीन साल तक अलाइनमेंट सर्वे समेत डीपीआर तैयार की गई। 224 किलोमीटर लंबे मार्ग की दूरी कम करके 180 किलोमीटर तय हुई थी। फोरलेन की चौड़ाई 45



मीटर तथा इसका मुख्य सरफेस 22.50 मीटर होना था। पांचवें चरण में ज्वालामुखी से कांगड़ा तक 100 में से 65 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। शेष 35 हेक्टेयर की प्रक्रिया चल रही थी। ऐसे में यह अधिसूचना आ गई ! चुनावो के समय सरकारी खर्चे से चुनावों में वाहवाही लूटने के लिए इस विषय पर खूब झूठे वादे किए थे, ÷हिमाचल में सरकार हमारी है अब केंद्र की बारी है÷ यह नारा देकर हिमाचल के भोले भाले लोगों को बेवकूफ बनाकर अब अपने वादे से पलटकर केंद्रीय कार्यालय में बैठे मंत्री और एसी कमरों में बैठे उच्चाधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश में दुर्घटनाओं में कमी के लिए बनाए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला मटोर हाईवे की अधिसूचना को रद्द कर आम जनमानस से धोखा किया है, टावर लाइन शोषित जागरूकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक, पर्यावरणविद व समाज सेवी अधिवक्ता रजनीश शर्मा ने आम जनता सामाजिक संगठनों तथा प्रगतिशील लोगों से अनुरोध किया है कि सभी लोग केंद्र सरकार के इस गलत फैसले के विरोध में जन आंदोलन को तैयार रहें तथा हिमाचल घूमने के नाम पर यहां पर राजनीतिक रैलियां करने आने वाले केंद्र के बड़े नेताओं का हर स्तर पर पुतले जलाकर विरोध किया जाना चाहिए क्योंकि यह केंद्रीय नेता हिमाचल प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री व लोकसभा में गए सांसदों की भी नहीं सुनते हैं या यूं कहिए कि लोकसभा के सांसद भी दिल्ली जाकर अपनी आवाज तथा अपने लोकसभा क्षेत्रों की जन समस्या व सुधार व विस्तारीकरण के लिए किए जाने वाले प्रयासों व सरकारी खर्चे को राजनीतिक दबाव के चलते खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं, गौरतलब है कि इस मुद्दे की वजह से हिमाचल के लाखों लोगों ने मोदी सरकार के सांसदों को लाखों वोटों के रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दिलाई थी, सरकारी धन का दुरुपयोग पिछले 4 सालों से विस्तारीकरण विस्तारीकरण के नाम पर किए जाने वाले सर्वे बैठकों इत्यादि में खर्च किया गया है उसकी जिम्मेवारी कौन लेता है यह सभी पैसा नेताओं और उच्च अधिकारियों की तनख्वाह से काटा जाना चाहिए,जबकि नेता समाज सेवा के नाम पर अपनी सैलरी, महंगी गाड़ियां भते व पेंशनों को बढ़ाकर सरकारी राजकोष पर बेवजह का वित्तीय बोझ बढ़ा रहे हैं,गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा विस्तारीकरण की इस योजना के तहत हजारों लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना था जोकि सड़कों के किनारे के बरसों से धूल मिट्टी भाग रहे हैं तथा केंद्र सरकार तथा हिमाचल सरकार के लोक लुभावने वादे झूठे वादों की वजह से मुआवजे के इंतजार में थे, इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में तीन सीमेंट कंपनियों में चलने वाले भारी वाहनों की वजह से सड़कों के टूटने तथा सड़कों की लंबाई चौड़ाई कम होने की समस्या वर्षों से पेंडिंग थी, जिस के निराकरण की उम्मीद जगी थी लेकिन केंद्रीय मंत्रियों के जनविरोधी रवैया की वजह से एक बार फिर नरेंद्र मोदी सरकार की किरकिरी हुई है,कांग्रेस पार्टी के नेताओं व विपक्ष की भूमिका भी इस विषय पर संदेहास्पद ही रही है क्योंकि अगर पिछले 4 साल से राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य के नाम पर करोड़ों रुपए डीपीआर तथा अन्य सरकारी खर्चो इत्यादि पर खर्च किए जा रहे थे तो मुख्य विपक्षी दल होने पर कांग्रेस द्वारा उक्त मुद्दे पर जनहित व जन सुरक्षा के मध्य नजर विधानसभा व लोकसभा स्तर पर जन आवाज को उठाने में विफल रही है, शनिवार को इस विरोध प्रदर्शन में श्याम लाल राम लाल प्रदीप कुमार, सोम प्रकाश चंदेल सोनू कुमार बिट्टू कुमार प्रताप इत्यादि ग्रामीणों ने भाग लिया।

# अतिवृष्टि बारिश होने के कारण किसानों की खड़ी फसल को हुआ भारी नुकसान

**पाली नेनाराम सीरवी.** राजस्थान में मानसून की धमाकेदार शुरुआत के दौरान हुई अतिवृष्टि बारिश के कारण किसानों की खड़ी फसल और मूंग की खड़ी फसलों को काफी भारी नुकसान पहुंचा. पाली पंचायत समिति ग्राम पंचायत खेरवा वडेर वास सोडावास आदि सहित सभी जगह पर किसानों की खड़ी फसल तिल की फसल को काफी भारी नुकसान पहुंचा. किसानों की लगी हुई लागत का एक चौथाई अमूल्य भी वापस नहीं आने के आसार लग रहे. इस समय पाली उपखंड क्षेत्र के सभी किसानों के लिए खराबी हुई खरीफ की फसल को लेकर किसान काफी चिंतित हालात में



नजर आ रहे . किसानों द्वारा बताया गया कि इस समय सरकार किसानों की मदद करें और किसानों के हित में अनुदान राशि की घोषणा की जाए.ग्राम पंचायत खेरवा सरपंच प्रतिनिधि एवं वडेर वास सरपंच प्रतिनिधि सोडावास सरपंच प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सभी ग्राम पंचायत के अधीन किसानों की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा तिल की खड़ी फसल जलकर हुई राख और मूंग की फसल को भी काफी भारी नुकसान पहुंचा जिसके चलते किसान काफी चिंतित नजर आए. जिले में रुक-रुक कर हुई अतिवृष्टि बारिश के कारण धरतीपुत्र किसान हुए बर्बाद.जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की महिलाओं द्वारा बताया गया कि इस समय सरकार किसानों की मदद करें और किसानों को इस आपदा स्थिति से हुआ नुकसान से सरकार द्वारा राहत की घोषणा की जाए



# जम्मू -- श्री माता वैष्णो देवी छड़ी यात्रा 16 अक्तूबर को जम्मू से कटरा रवाना होगी

## और पहले नवरात्रे पर माता वैष्णोदेवी के दरबार में पूजा अर्चना की जाएगी।

शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर ईकाई के नेताओं ने आज पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मनीश साहनी ने बताया कि 38वी छड़ी यात्रा एवं पवित्र ज्योत 16 अक्तूबर को , हर साल की तरह , भव्य रैली के रूप में जम्मू से कटरा के लिए रवाना होगी और 17 अक्तूबर, पहले पावन नवरात्रे पर माता वैष्णोदेवी देवी की पवित्र गुफा में दर्शन एव पूजा अर्चना की जाएगी। साहनी ने कहा कि आधिकारिक तौर पर भी प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी दी जा चुकी है ।? साहनी ने कहा कि पूरे कार्यक्रम में कोविड-19 के तमाम दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। पार्टी हाईकमान से राष्ट्रीय सचिव एवं राज्य सभा सांसद अनिल देसाई समेत कई सासंद एवं वरिष्ठ नेता इस भव्य छड़ी यात्रा में शामिल हों रहे हैं। साहनी ने कहा कि पवित्र छड़ी यात्रा को लेकर कुछ स्वयंभू शिवसैनिक भ्रम फैला रहे हैं। साहनी ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि शिवसेना कार्यालय से जारी प्रैस विज्ञप्ति ही पार्टी का अधिकारिक बयान है । साहनी ने बताया कि जी आई सिंह , राजन गुप्ता, राजीव भंडारी , संदीप भगत , पार्टी में कोई अधिकारिक पोजीशन पर नहीं है , इसके साथ जम्मू-कश्मीर ईकाई में चेयरमैन का भी कोई पद नहीं है। इस मौके पर अध्यक्ष महिला विंग मिनाक्षी छिब्बर , कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी गुप्ता , महासचिव विकास बख्शी , सचिव राज सिंह ,मंगू राम, संजीव सूदन , गीता रानी,डिम्पल, एस आर भगत उपस्थित हुए।

## अब पत्रकार निकालेंगे न्याय यात्रा

# अपर संचालक जनसंपर्क मौर्य को ज्ञापन देकर धरना समाप्त

**ग्वालियर।** ग्वालियर प्रेस क्लब एवं मामा माणिकचंद बाजपेई पत्रकार कालोनी के बैनर तले पत्रकारों ने तीसरे दिन महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर धरना देकर अपना विरोध जताया। पत्रकारों ने पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा की राशि को शून्य करने तथा पत्रकार कॉलोनी के विवादित अवधि के लीजरेंट को माफ कराने के लिए आयुक्त जनसंपर्क के नाम अपर संचालक बीएस मौर्य को ज्ञापन सौंपा; उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में आयुक्त से चर्चा कर समस्या का निराकरण कराने का प्रयास करेंगे। तीसरे दिन भी पत्रकारों ने अपरान्ह तीन बजे धरना प्रारंभ किया। पत्रकारों का कहना था यह अत्यंत दुखद है कि 12 साल से वे जिस जमीन पर काबिज ही नहीं हुए और जो जमीन इस अवधि में विवादित रही उसका लीजरेंट उनसे वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार जब लीजरेंट की 25 प्रतिशत राशि जमा करने के लिए तैयार हैं इसके बाद भी उनकी यह बात नहीं मानी जा रही है। ऐसा होने से वे यहां मकान बनाना शुरू कर सकते हैं। भू-माफिया की हर बात मानने के लिए तत्पर रहने वाले अधिकारी लगता है यहां भू-माफिया के दबाव में यह मांग नहीं मान रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस जमीन के मामले में सरकार को अदालत में हराने का काम करने वाले किसी भी अधिकारी पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई है। पत्रकारों ने तय किया कि उनके विवाद का जब तक निराकरण नहीं होता है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के अगले चरण के लिए बैठक कर रणनीति तय की जाएगी। जिसमें पत्रकार न्याय यात्रा निकालेंगे। यह यात्रा जिन क्षेत्रों में विधानसभा के उपचुनाव हो रहे हैं वहां घर-घर जाकर लोगों को बताएगी कि किस प्रकार सरकारी एजेंसी धोखाधडी करती है और सरकार कुछ नहीं करती है। धरने के समापन से पहले धरना स्थल पर पहुंचे अपर संचालक जनसंपर्क विभाग जी एस मौर्य ने ज्ञापन लेकर कहा कि वे इन मांगों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे। धरने में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा,प्रदीप तोमर , राजेन्द्र तलेगांवकर, सुरेन्द्र माथुर, विनय अग्रवाल , दिनेश राव , जोगेन्द्र सेन,मनीष शर्मा , अशोक पाल, गोपाल त्यागी, चन्द्रेश गर्ग, रवि उपाध्याय, विक्रम प्रजापति, डॉ नागाइच, छोटू जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अमायन में

**भिण्ड ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 सितम्बर 2020 सोमवार को अमायन (मेहगांव) में एक दिवसीय प्रवास पर पधार रहे है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 14 सितम्बर 2020 सोमवार को दोपहर 12.15 बजे भोपाल से हैलीकाप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 12.55 बजे मुंगावली (अशोकनगर) हैलीपेड पर आएंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर 2.30 बजे हैलीपेड मुंगावली (अशोकनगर) से हैलीकाप्टर द्वारा रवाना होकर अपरान्ह 3.30 बजे भिण्ड जिले के अमायन (मेहगांव) हैलीपेड पर आगमन होगा एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सायं 5 बजे हैलीपेड अमायन (मेहगांव) से हैलीकाप्टर द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# रेलवे कंपनी एफकॉन द्वारा रियासी के युवाओं के साथ किया जा रहा खिलवाड़

**रघुबीर ठाकुर**

रियासी (13) सितंबर ~रेलवे कंपनी अफकॉन मैं कार्य कर रहे रियासी के युवाओं को लगभग 1 साल पहले काम से निकाल दिया गया था लेकिन अभी तक रियासी के युवाओं को रेलवे कंपनी द्वारा उनका ई पी एफ नहीं दिया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज रियासी के जनाना पार्क में उन्होंने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें कंपनी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा के दो-तीन साल तक काम करने के बाद रेलवे कंपनी ने उनको नौकरी से निकाल दिया और अभी तक उनको उनकी सैलरी से कटा हुआ ई पी एफ नहीं दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि कंपनी उन्हें कभी जम्मू भेजती है तो कभी उधमपुर लेकिन कोई भी उनकी बात सुनने को राजी नहीं है जम्मू वाले अधिकारी उन्हें उधमपुर भेजते हैं और उधमपुर वाले बोलते हैं कि अभी तक रिकॉर्ड में उनका ईपीएफ नहीं कटा है लेकिन सोचने वाली बात यह है कि अगर रेलवे कंपनी ने उनकी तनख्वाह से ईपीएफ काटा है तो वह ईपीएफ आखिर गया



कहां या तो उसे रेलवे कंपनी खा गई या फिर इन के उच्च अधिकारी खा गए। उन्होंने सरकार बा प्रशासन से गुहार लगाई है की उनको उनका ईपीएफ जल्द से जल्द दिया जाए नहीं तो वह रेलवे के अधिकारियों का घेराव करेंगे और अपना हक लेकर रहेंगे। चाहे इसके लिए उन्हें सड़क पर आकर धरना क्यों ना देना पड़े। गौरतलब है कि कोरोना कॉल जैसी स्थिति में यह लोग रेलवे कंपनियों के दफ्तरों मैं धक्के खा रहे हैं लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं। अब प्रशासन ही इनकी आखरी उम्मीद की किरण है जो इन्हें इनका हक दिला सकती है। इस प्रेस वार्ता मैं लकी गुप्ता, अजय कुमार, राजकुमार अब्रोल, जगदीश व अन्य लोग मुख्य तौर पर उपस्थित रहे

# तेहरा गाँव में हुई आजाद समाज पार्टी की मीटिंग



**आगरा।** तेहरा में हुई आजाद समाज पार्टी की मीटिंग खेरागढ़ तहसील सैंया ब्लॉक के गाँव तेहरा में आजाद समाज पार्टी की मीटिंग का आयोजन किया गया है इस मीटिंग में गाँव के लोग मौजूद रहे पार्टी में कार्यकर्ताओं को जोड़ने व भाई चारा बनाने का कार्य किया गया है इस मे मौजूद रहे मण्डल अध्यक्ष ,जिला अध्यक्ष तेहरा से राजेश मौर्या जी व और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे आगरा से राहुल कुमार के साथ अरविंद सिंह

# गौपूत्र प्रकास राठौडने दिव्वांग बच्चो को दी आर्थिक सहायता



**प्रेस -नारायणलाल सैणचा**

सत्य प्रेम करुणा संस्थान, जोधपुर जहां तकरीबन 50-60 दिव्यांग गरीब बच्चो की देखभाल होती है उनकी पढ़ाई भोजन की व्यवस्था संस्थान द्वारा भामाशाहों, दानदाताओं के सहयोग द्वारा बेहतरीन ढंग से निरंतर जारी है । रक्तदान महादान गौभक्त संगठन मैसूरू, कर्नाटक के संस्थापक प्रकाश राठौड़ द्वारा संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों का निरीक्षण किया और सहयोग राशि भेंट की। संस्थान द्वारा प्रकाश राठौड़ का माला और साफा पहनाकर सम्मान हुक्माराम जी भाटी संस्था. अध्यक्ष. महेंद्र जी.बंजारा.भजन कलाकार. सुरेशने स्वागत किया गया। संगठन के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की।

राठौङ को माला पहनाकर किया स्वागत

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की तैयारियों की समीक्षा

# सम्पूर्ण प्रदेश में16 सितम्बर को मनेगा अन्न उत्सव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 16 सितम्बर का दिन प्रदेश के 37 लाख लोगों के लिए आशा-उत्साह और आनंद का दिन है। इन सभी को पात्रता पर्ची प्रदान कर अन्न उत्सव के अंतर्गत राशन वितरण आरंभ किया जाएगा। कोरोना काल में यह बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राहियों की पात्रता श्रेणी के अंतर्गत ऑटो चालकों को जोड़ने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान 16 सितम्बर को प्रदेश में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित हुए 37 लाख नए हितग्राहियों को पात्रता पर्ची और राशन वितरण कार्यक्रम के लिए जारी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इसके बाद भी जो जरूरतमंद होगा उसे इस अभियान से जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार हर गरीब के साथ खड़ी है। कार्यक्रम आयोजन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकायों का भी सहयोग लिया जाएगा।




बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह भी उपस्थित थे।

समन्वय भवन में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री श्री चौहा अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत अन्न उत्सव के नाम से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 16 सितम्बर को प्रात: 11.45 बजे भोपाल के समन्वय भवन में शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। प्रदेश के प्रत्येक जिले में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के मंत्रीगण, सांसद तथा विधायकगण एक साथ राशन वितरण का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों और वार्डों में भी अन्न उत्सव मनाया जाएगा। राज्यस्तरीय कार्यक्रम और मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन सहित सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक चेनल्स और वेबकॉस्ट के माध्यम से फेसबुक/ट्विटर पर सीधा प्रसारण होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए है कि सभी आयोजन स्थल पर कोरोना से बचाव की सावधानियों का अनिवार्यत: पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आयोजन में दिव्यांगजन, वृद्धजन, महिलाओं आदि की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश भी दिए बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत फेरी वाले, हम्माल, तुलावटी, केश शिल्पी, बीपीएल कार्ड धारक, बीड़ी श्रमिक, साइकिल रिक्शा और हाथ ठेला चालक जैसी 25 श्रेणी के 37 लाख पात्र हितग्राही अन्न उत्सव से लाभान्वित होंगे। प्रदेश में इन्दौर, मुरैना, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, भिण्ड, छिंदवाड़ा, छतरपुर तथा सागर में एक-एक लाख से अधिक नवीन हितग्राहियों को जोड़ा गया है। प्रदेश में 25 हजार 176 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री फैज अहमद किदवई तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने सुबह 4 बजे नीट परीक्षार्थियों को इंदौर रवाना किया

भोपाल। सामाजिक कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा नीट परीक्षार्थियों के लिये निःशुल्क वाहन व्यवस्था की गई है। पूरे बड़वानी जिले से नीट परीक्षा के लिये आज एक हजार लोग रवाना हुए, जिनमें 916 विद्यार्थी, 20 पालक और 78 व्यवस्थापक शिक्षक शामिल हैं। श्री प्रेम सिंह पटेल ने स्वयं रविवार सुबह 4 बजे बड़वानी से नीट की परीक्षा देने वाले 245 बच्चों को शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहनों से इंदौर रवाना किया। इन बच्चों के साथ 15 शिक्षक और 3 पालक भी




रवाना हुए। व्यवस्था के चलते बच्चे न केवल समय पर अपने केन्द्र पर पहुँचकर परीक्षा दे सके बल्कि अपने घर रवाना होने से पहले बच्चों को छोड़ने आये पालकों में भी एक निश्चिंतता और संतुष्टि का भाव था। श्री पटेल सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को देखने के लिये निर्धारित समय से एक घंटा पहले ही स्थल पर पहुँच गये थे। उनकी उपस्थिति ने व्यवस्था में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों और पालकों को उत्साह से भर दिया। राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण के मद्देनजर नीट परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचाने एवं वापस लाने के लिये निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बड़वानी जिले के बच्चों को परीक्षा केन्द्रों तक लाने-ले जाने के लिये 24 वाहनों के साथ 78 शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी भेजा गया है।

# राज्यपाल ने मप्र की विश्व धरोहर भीमबेटका भित्ति चित्र पर आधारित मृगनयनी डिजाईनर वस्त्र श्रंखला लांच की



**भोपाल।** राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मप्र की विश्व धरोहर भीमबेटका भित्ति चित्र पर आधारित मृगनयनी डिजाईनर वस्त्र श्रंखला की लॉचिंग राजभवन में की। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री अनिरुद्ध मुकर्जी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग एवं हथकरघा हस्तशिल्प विकास निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। राज्यपाल श्रीमति पटेल ने रूचि पूर्वक चंदेरी महेश्वरी की नई डिज़ाइनर श्रंखला को देखा और शिल्पी श्री विनोद मालेवर को उनके दस वर्षों के परिश्रम के लिये सराहा। आयुक्त हस्त एवं शिल्प मृगनयनी प्रबंध संचालक श्री राजीव शर्मा ने राज्यपाल को निगम के आगामी हेरिटेज कलेक्शन साँची स्तूप श्रृंखला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृगनयनी द्वारा पुरातत्व विद् श्री विष्णु श्रीधर वाकणकर की स्मृति में प्रस्तुत भीमबेटका संग्रह को तैयार किया है। इसके साथ ही श्रंखला में कॉटन के अंगवस्त्रम भी तैयार किए जा रहे हैं। साड़ियों की औसतन कीमत 3 हजार 5 सौ रुपये से शुरू होकर 8 हजार रुपये तक की है। इसी तरह अंगवस्त्रम भी तैयार किए गये है जिनका मूल्य सात सौ रुपये से पन्द्रह सौ रुपए है। अगले चरण में महिला सूट्स और यार्डेज भी इस श्रंखला के तहत बनाए जाएंगे। श्रंखला के उत्पाद भोपाल के जी टीबी कॉन्प्लेक्स में उपलब्ध हैं। प्रारंभ में राज्यपाल का प्रमुख सचिव ग्रामोद्योग और आयुक्त हस्त शिल्प ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। आभार प्रदर्शन महा प्रबंधक श्री महेश गुलाटी ने किया। इस अवसर पर भीमबेटका के पहले ग्राहक श्री मनोज सिंह मीक को राज्यपाल द्वारा श्रंखला की निर्मित प्रथम साड़ी सौंपी गई।

# सरकार के 20 प्रतिशत फॉर्मूले से कोविड मरीजों के लिए मिले 500 बेड

**भोपाल।** सरकार ने कोरोना मरीजों को हो रही बिस्तरों की कमी को दूर करने के लिए एक आदेश जारी किया है। जिसके तहत शहर के निजी अस्पतालों को 20 प्रतिशत बेड कोविड मरीज के लिए रिजर्व राने को बोला गया है। सरकार इस फॉमूले से कोरोना मरीजों को अकेले भोपाल में 500 बेड की सुविधा मिलने जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि वर्तमान में भोपाल में कोरोना मरीजों के लिए कुल 3000 बिस्तरों की व्यवस्था है। नए आदेश के बाद हमने निजी अस्पतालों से सूची मंगाना शुरू कर दी है। इससे हमें एक सप्ताह में 500 अतिरित बिस्तर मिलने वाले हैं। इस तरह कुल 3500 बेड भोपाल में कोविड पेशेंट के लिए रिजर्व रहेंगे। सरकार के आदेश में 20 प्रतिशत बिस्तर रिजर्व रखने की बात कही गई है, लेकिन इसमें यह साफ नहीं

### मरीजों को आयुष्मान योजना से मिलेगा इलाज

है कि 20 प्रतिशत बेड में आईसीयू के बेड कितने होंगे। वर्तमान में भोपाल में आईसीयू के करीब 400 बिस्तर हैं। यदि निजी अस्पतालों से आईसीयू के 100 बेड और मिलते हैं तो यह संख्या बढ़कर 500 हो जाएगी। जो कि ाविष्य में नाकाफी साबित होगी। कोरोना की तैयारियों में सरकार ने व्यवस्थाएं की हैं, उसमें कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल के साथ-साथ कोविड हेल्थ केयर सेंटर और कोविड केयर सेंटर बनाए हैं। इनमें सिर्फ डेडिकेटेड अस्पताल में ही आईसीयू बेड की व्यवस्था है। जबकि शेष सेंटरों में सिर्फ जनरल बेड की व्यवस्था है। जो गंभीर मरीज हैं उन्हें कोविड डेडिकेटेड अस्पताल में भर्ती किया जाता है। जबकि कोविड केयर सेंटर खाली हैं। भोपाल में 265 मरीजों ने तोड़ा रिकार्ड शनिवार को कोरोना ने राजधानी में पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए। 265 नए मरीज मिलने से शहर में कोरोना मरीजों की संख्या 13,825 हो गई है। शहर पिछले छह दिन से लगातार दो सौ से ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। जिस कारण तेजी से अस्पतालों में बिस्तर की संख्या कम हो रही है।

# मध्यप्रदेश में राष्ट्रभाषा को पूरा सम्मान, मुख्यमंत्री चौहान ने दी हिन्दी दिवस पर बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हिन्दी दिवस के अवसर पर समस्त राष्ट्रभाषा प्रेमियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश के प्रमुख हिन्दी प्रांतों में शामिल होने के नाते मध्यप्रदेश में हिन्दी जन-जन की भाषा के रूप में स्थापित है। आंचलिक बोलियों के व्यापक प्रचलन के बाद भी राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रति प्रत्येक नागरिक का सम्मान व्यक्त होता है मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में शासकीय स्तर पर भी हिन्दी को पूरा सम्मान और प्रोत्साहन प्राप्त है। अधिकांश पत्राचार भी हिन्दी में होता है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2011 में हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा स्थापित करने वाले हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के नाम से इस विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया। इसके साथ ही संस्कृति, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, जनसंपर्क आदि विभागों ने हिन्दी साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों पर पुरस्कार और सम्मान भी प्रदान किए हैं। मध्यप्रदेश में हिन्दी की पताका लहराती है।

# श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो

**भोपाल।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रमिकों के हित में शासन द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। श्रमिकों को योजनाओं का लाभ सहज रूप से मिले, इसके लिये अधिकारी सतत उनके सम्पर्क में रहे। खनिज अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि किसी भी जिले में खनिज का अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण न हो। इसे सख्ती से रोका जाये और दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करें। श्रम मंत्री श्री सिंह ने रविवार को ग्वालियर मुख्यालय में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना काल




### अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण को सख्ती से रोकें, खनिज साधन, श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के अधिकारियों को निर्देश

में प्रदेश के श्रमिकों और प्रवासी श्रमिकों के लिये बहुत कार्य किये हैं। श्रमिकों के लिये भोजन व्यवस्था, रोजगार की उपलब्धता के साथ उन्हें उनके निवास स्थान तक पहुँचाया गया है। इस महती कार्य में शासन और प्रशासन ने मिलकर श्रमिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई। स्थानीय स्तर पर काम दिलाने के लिये मनरेगा में आवश्यकतानुसार रोजगारमूलक कार्य प्रारंभ किये गये और श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार दिलाने के लिये रोजगार सेतु पोर्टल भी बनाया गया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों का यह दायित्व है कि रोजगार सेतु पोर्टल में पंजीकृत श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार दिलवाये। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम कल्याण मण्डल एवं कर्मचारी राज्य बीमा सेवा की संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये गये। खनिज विभाग की समीक्षा में मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी कि माहवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित की जाये। जिन जिलों में निर्धारित लक्ष्य से राजस्व प्राप्ति कम होगी उन जिलों के अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की गतिविधियों पर विभागीय अधिकारी सजग रहे और प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें, जिससे शासन की राजस्व क्षति को रोका जा सके। बैठक में ग्वालियर-चंबल संभाग की जिलेवार समीक्षा की जाकर राजस्व आय बढ़ाने, बकाया वसूली और शिथिल एवं बंद खदानों के संबंध में समीक्षा की जाकर अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म श्री विनीत आस्टिन सहित ग्वालियर चंबल संभाग के खनि अधिकारी उपस्थित थे।

# रोजगार भाषा बने हिंदी

अगर हम देश में हिंदी को लेकर लोगों के मन में भाव देखें तो तस्वीर बिल्कुल धुंधली नजर आती है। रीडरशिप सर्वे और प्रसार संख्या के आंकड़ों के जारी होने के बाद एक बार फिर से यह बात साबित हो गई कि पूरे देश में हिंदी के पाठक सबसे ज्यादा है। हिंदी और अंग्रेजी के अखबारों के बीच प्रसार संख्या और पाठक संख्या दोनों का फासला भी बहुत बड़ा है। बावजूद इसके देश का हिंदी भाषी मानस अंग्रेजी को अपनाने के लिए ताबड़तोड़ कोशिश कर रहा है। आज हिंदी भाषी प्रदेशों में तकरीबन हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनकी संतान किसी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़े। नतीजा यह हुआ कि हर गली मोहल्ले में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की भरमार लग गई है। इन स्कूलों में ना तो बच्चों को ठीक से हिंदी पढ़ाई जाती है और ना ही अंग्रेजी। बच्चों के भाषा संस्कार का विकास ही नहीं हो पाता है। कहावत है ना कि %माया मिली ना राम% ना अंग्रेजी मिल पाती है और हिंदी से भी वे दूर होते चले जाते हैं। दरअसल यह एक मानसिकता है। आप अपने आसपास ही देखें तो पाते हैं कि मोहल्ले की परचून की दुकान पर हिंदी में बात करने वाला शख्स जब किसी मॉल में खरीदारी के लिए पहुंचता है तो वहां वह फौरन हिंदी का त्याग




कर देता है। और मॉल की दुकान में घुसते ही एक्सक्यूज मी। टूटी फूटी अंग्रेजी बोल कर भी उनका सीना चौड़ा हो जाता है। यह हमारी वह मानसिकता है जो आजादी के पचहत्तर साल बाद अब तक गुलाम है। अंग्रेजी में बोलना फैशन नहीं है बल्कि अपने को श्रेष्ठ साबित करने की तमन्ना है। अपनी कुंठा को छुपाने का तरीका है। हम अपनी भाषा की अस्मिता और उसकी ताकत को पहचान पाने में बुरी तरह विफल रहे हैं।

सवाल इस बात का अवश्य है कि हमें हिंदी के व्याकरण और उसके नियम कानूनों की रक्षा करनी चाहिए। तथा हिंदी को विश्व में उसकी सही जगह दिलाने के लिए हमें थोड़ा लचीला रुख अपनाना होगा। आज हिंदी के तमाम लोग जिन पर हिंदी को बढ़ाने का दायित्व है वह बाजार को कोसते हुए घर बैठे हैं। हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए क्या कर रहे हैं, यह ज्ञात नहीं है। बाजार के अपने नियम और कायदे होते हैं वह अपने हिसाब से हर चीज का उपयोग करना चाहती है। लेकिन बाजार आज एक हकीकत है, उससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता ना ही बाजार की ताकत से टकराया जा सकता है। तो ऐसे में सही रणनीति तो यही होनी चाहिए कि बाजार की ताकत का इस्तेमाल अपने हक में करें। आज हिंदी को बढ़ाने के लिए बाजार का इस्तेमाल करने की जरूरत है, बाजार को कोसने कि नहीं। आज जरूरत इस बात की है कि हिंदी के विकास के लिए बनाई गई संस्थाएं एकजुट होकर रणनीति बनाएं। और बाजार को औजार के रूप में इस्तेमाल करते हुए उसके साथ नए लोगों को जोड़ने की पहल करें। हिंदी को अगर ताकतवर बनाना है तो उसको नए क्षेत्रों में लेकर जाना होगा। हिंदी को अन्य भारतीय भाषा के दुश्मन के तौर पर पेश नहीं करके उसको दोस्त की तरह से स्थापित करना होगा। सरकार से हिंदी के विकास और अहिंदी भाषाई क्षेत्रों में हिंदी के फैलाव के प्रयास की अपेक्षा करना व्यर्थ है। इस दिशा में हिंदी के लोगों को खुद ही आगे बढ़कर पहल करनी होगी। एक ऐसी पहल जिसमें हिंदी के लोगों को अपनी भाषा को लेकर आत्मविश्वास बढ़े और गैर हिंदी भाषियों के बीच हिंदी को लेकर दुश्मनी का भाव खत्म हो। हिंदी बाजार की भाषा बनने की राह पर बहुत आगे निकल गई है, और अब जरूरत है कि इस भाषा को रोजगार से जोड़ा जाए। जिस दिन हिंदी को रोजगार की भाषा बनाने में हम कामयाब हो गए। उस दिन हिंदी की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। और हिंदी की स्वीकार्यता और इज्जत दोनों बढ़ जाएगी।



लेखक- ढाकराराम प्रजापत
(एम.ए. हिंदी) जला-बाड़मेर, राजस्थान।
मोबाइल नंबर- 9680775712

## हिंदी दिवस पर विशेष

### हिन्दी सर्वश्रेष्ठ है।

हिन्द देश के वासी हैं।
हिन्दी हमारी पहचान है।
हमारी अस्मिता ,हमारा गौरव,
हमारा यह सम्मान है।



सुगम,सरल,मीठी है ।
राष्ट्रभाषा का गौरव प्राप्त है।
सबके मन को भाए है यह,
हिन्दी सर्वश्रेष्ठ है ।

वर्णों से अलंकृत है।
शालीनता से रिझाए है ।
मातृभाषा यह अपनी ,
विश्व में परचम लहराए है।

भारतीय संस्कृति का वरदान है।
हिन्दी हमारी महान है ।
इसका ही गुणगान हो,
हम सबका यह अरमान है ।

रश्मि वत्स
मेरठ(उत्तर प्रदेश)

### विश्व हिंदी दिवस

समूचे विश्व में फैले सभी का प्यार हो हिन्दी ,
सतत विस्तार हो रोजगार का आधार हो हिंदी ।
सभी भाषा में दुल्हन-सी सजी हिंदी दिखायी दे,
अलंकृत भाल पर बिन्दीनुमा श्रृंगार हो हिन्दी ।



हमारे देश में हिन्दी सरल सबकी जुबॉ पर हो,
सभी की भावनाओं में सहज मनुहार हो हिन्दी ।

बने विज्ञान अनुसन्धान की भाषा यही हिंदी,
हों न्यायालय के जो भी फैसले साभार हो हिन्दी ।

ये भारत में ही क्या ?भारत के बाहर भी रहे ज़िंदा,
समूची बोलियों का एक ही परिवार हो हिन्दी ।
सोनी सुगन्धा
जमशेदपुर

### कविता - मैं हिंदी हूँ

मैं बहुत खुश हूँ
अपने अक्षर / शब्द / वाक्य से
क्योंकि इनकी संरचना ही
मुझे सम्पूर्णता प्रदान करती है ,
इसीलिए तो मैंने रखा है इन्हें
अपने बहते हुए स्वच्छ सलिल में ,
जैसे मैं कालिंदी हूँ....
मैं हिंदी हूँ...मैं हिंदी हूँ....।



पर मेरा दुर्भाग्य !
कि मैं भयभीत हूँ
परायों से नहीं / अपनों से हूँ
निरक्षरों से नहीं / साक्षरों से हूँ ,
जिनने मेरे अंग-प्रत्यंग --
उचित मात्रा / अक्षर-संयोजन
वाक्य-निर्माण /चिह्न-उपयुक्तता
के प्रति असावधानीपूर्ण प्रयोग ,
अन्य भाषाओं के समक्ष
मिथ्याडंबर के चलते मिटाता
मेरा महत्व / मेरा अस्तित्व
तभी तो बटती हूँ मैं टुकड़ों में
जैसे मैं चिंदी हूँ...
मैं हिंदी हूँ...मैं हिंदी हूँ....।
आशा-निराशा / आस-विश्वास
धर्म-विज्ञान/ राजनीति-संस्कृति
मुझसे समझे जा सकते है
सरल-सहज-सटीक ढंग से
विचारों का आदान-प्रदान
भावों का मान-सम्मान
मुझसे है आन-बान
तभी तो लगती मैं
जैसे माँ , बेटी , बहन के माथे की बिंदी हूँ....
मैं हिंदी हूँ....हाँ भाई...मैं हिंदी हूँ...।

टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद ( छ.ग. )

## संपादकीए

# कांग्रेस में बदलाव

मोती लाल वोरा, मल्लिकार्जुन खडगे, अंबिका सोनी, गुलाम नबी आजाद, लुइजिनियो फ्लेरियो जैसे वफादारों की कांग्रेस के संगठन पद की जिम्मेदारी से छुट्टी हो गई है। उनके स्थान पर कांग्रेस पार्टी ने नए वफादारों को महासचिव और राज्य का प्रभारी बनाकर संगठन में बड़े बदलाव का संदेश देना शुरू कर दिया है। पार्टी ने बूढ़े कांग्रेसी नेताओं को सांगठनिक कामकाज से थोड़ा आराम देकर कुछ उनसे उम्र में कुछ कम वफादारों को जगह दे दी है। इसमें राहुल गांधी के प्रिय रणदीप सुरजेवाला को उनकी मेहनत, वाकपटुता और कौशल का ईनाम दिया है, तो केसी वेणुगोपाल की प्रबंधन कला को खास जगह मिली है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के सलाहकारों की टीम में मुकुल वासनिक, अंबिका सोनी कद बना हुआ है। नए अध्यक्ष के लिए आंतरिक चुनाव से पहले कांग्रेस ने पार्टी संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। यह कवायद राहुल गांधी को फिर से पार्टी की बागडोर सौंपने की है। इसके संकेत पार्टी की अहम समितियों में दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद और तारिक अनवर जैसे दिग्गज नेताओं की वापसी और कपिल सिब्बल, मनीष तिवारी, शशि थरूर और वीरप्पा मोइली जैसे असंतुष्ट नेताओं को नजरअंदाज किए जाने से मिल रहे हैं। संगठन में हालिया बदलाव से असंतुष्ट सुर पूरी तरह से शांत नहीं होंगे। यह देखना अभी बाकी है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी में सभी कुछ ठीक रहता है फिर कोई बगावत होती है क्योंकि पार्टी में बड़े पैमाने पर सुधार की मांग करने वालों को आपस ही में अलग-थलग कर दिया गया है। इनमें से कुछ को संगठन में जगह दी गई तो कुछ को सोच विचार के लिए मोहलत मिली है और अन्य को दरकिनार कर दिया गया है। कुछ पुराने नेताओं को संगठन में %23 असंतुष्ट' नेताओं की काट के लिए शामिल किया गया है। इन असंतुष्ट नेताओं ने सोनिया गांधी को खत लिखकर पार्टी संगठन में आमूलचूल बदलाव की मांग की थी पार्टी में शनिवार रात अचानक किए गए फेरबदल में राहुल गांधी की छाप स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल के करीबी माने जाने वाले रणदीप सिंह सुरजेवाला और जितेंद्र सिंह वरिष्ठ नेता तारिक अनवर के साथ महासचिव बनाया गया है। वहीं नवगठित केंद्रीय चुनाव समिति में भी राहुल के विश्वस्त मधुसूदन मिस्त्री को अध्यक्ष बनाया गया है और कृष्ण बायरे गौड़ा एवं एस जोतिमणि को सदस्य नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्री रहे पवन कुमार बंसल और राजीव शुक्ला की भी पार्टी संगठन में वापसी हुई है।

## खूबसूरत सफर

सफर खूबसूरत है मंजिल से,यह बात सच्ची हैं,
आंखें भी अक्सर इसलिए चौंक जाती हैं,
रास्तों को निहारते वक्त बहुत जो गुज़र गया हैं,
हां वक्त तो बहुत हो गया हैं,
मगर और कितना हैं यह देखना बाकी हैं,
आंखें भी कभी कभी नम पड़ जाती हैं,
मंजिल तक पहुंचने का उत्साह भी कभी
कभी खोती हैं,रास्तों और मंजिलों की
कशमकश से,मन की दुनिया हर रोज जूझती हैं,
सफर खूबसूरत है मंजिल से, यह बात सच्ची हैं।
मेरी व्याकुलता भी देखो ना कितनी
पुरस्कृत होती हैं,जब कागज पर कलम
से कविताओं में उतरती हैं,तो वाहवाही मिलती हैं।
थकना ,रोना, टूटना,गिरना, बिखरना,
ठहरना और उठना फिर से,यह सब सफर में
लाजमी हैं,क्योंकि,सफर को जारी रखने में ही
समझदारी हैं छोड़कर जाने में तो ज्यादा दुषवारी हैं,
भटक कर तन्हा रह जाने में तो पीड़ा अत्यंत भारी हैं,
इसलिए तो हौंसलों से आगे बढ़ना अभी जारी है।
धैर्य का हाथ थाम लेने से बेहतर कुछ भी नहीं हैं,
किसी का क्या जाएगा रास्ता छोड़ने से,
बिगड़ेगा तो खुद का ही हैं।
सफर खूबसूरत है मंजिल से यह बात सच्ची हैं,
मंजिल तक पहुंचने में ही जीवन की उपलब्धि हैं।।



दिव्या सक्सेना, कलम वाली दीदी
ग्वालियर(म.प्र)474001

## मेरी कविता... शीर्षक - मैं हिन्दी टंकण करता हूँ

शौक है मुझे भी हिन्दी का
मैं टंकण भी हिंदी करता हूँ
कई लेखकों के सृजन को
अपने संगणक में रखता हूँ

मेरे व्यक्तत्व भी हैं हिन्दी के
मैं कविता भी हिंदी लिखता हूं
आवेदन भी मेरा हिन्दी का
मैं माध्यम भी हिन्दी चुनता हूँ

साहित्य शब्द जो मेरे इर्दगिर्द
हिन्दी साहित्य में रुचि रखता हूँ
विद्यालय भी था मेरा हिंदी का
माँ सरस्वती को नमन करता हूँ

दिवस है आज जो हिन्दी का
हिन्दी दिवस की बधाई देता हूँ
यह सृजन भी मेरा हिन्दी का
मौलिक व स्वरचित ही लिखता हूँ



प्रियंक खरे ÷सोज़÷ (कवि)
माधवगढ़ सतना म.प्र.

# आधुनिक युग की मीरा

जी ठीक सुना आपने करुण भावों और वेदना को कविता का स्वरूप प्रदान करने वाली उसी मीरा की बात कर रहा हूँ,जिससे हिंदी साहित्य जगत ही नहीं अपितु अखिल विश्व महादेवी वर्मा के नाम से जानता हैं।कठिन से कठिन वेदना से परिपूर्ण भावों को सहज शब्दों के सहारे पन्नों में उतर देने की जिस कला का अवलोकन महादेवी वर्मा के भीतर होता हैं,वह अन्यत्र कहीं नहीं।इनका मातृभाषा हिंदी के प्रति प्रेम अद्वितीय था।पति के गोलोक वासी होने के पश्चात ÷इन्होंने शब्दों को अपना जीवन और मसीपथ को जीवन का सहारा बनाया÷,महज बनाया ही नहीं बल्कि जीवन पर्यंत बखूबी से निभाया भी।हिंदी साहित्य की कोई ऐसी विधा नहीं हैं,जो महादेवी वर्मा के करूण और कोमल भावों से रीती हो।इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मात्र दो उद्देश्यों पर गुजार दिया-साहित्य परिचर्या और नारी सशक्तिकरण.वह बलिष्ठ चारों स्तंभ जिस पर छायावादी युग टिक सका,उन्हीं स्तंभों में एक ÷महादेवी वर्मा÷भी हैं कविता को लयबद्ध करने की बात की जाए,चाहे भावों से परिपूर्ण करने की÷महादेवी वर्मा÷ने दोनों ही क्षेत्रों में उल्लेखनीय अवदान दिया। चाहे भाषा के स्तर पर पर गौर किया जाए,चाहे शैली और चाहे अभिव्यक्ति। भक्ति काल में जो स्थान योगेश्वर भक्त मीरा को प्राप्त हुआ वही स्थान आधुनिक युग में महादेवी वर्मा को प्राप्त हैं। इनको आधुनिक युग की मीरा कहां जाता हैं।आखिरि क्यों? इस बात का परिचायक है इनका प्रसिद्ध और लोकप्रिय गीत-

÷मैं नीर भरी दुखःकी बदली,
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली,
मैं नीर भरी दुख्की बदली÷।।

बात तब की हैं जब÷महादेवी वर्मा÷ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से य.म.ए करने के पश्चात आगे की शिक्षा विदेश से प्राप्त करने की तैयारी में थी।किंतु वह तैयारी,तैयारी ही बनकर रह गई,जब स्वतंत्रता आंदोलन के युगपुरुष÷महात्मा गांधी÷ने कहा हमारी अंग्रेजों से लड़ाई चल रही हैं, और आप एक हैं कि विदेशी शिक्षा के पीछे पड़ी हुई हैं,अतः विदेशी शिक्षा के पीछे पड़ने से सुखद हैं आप स्वदेश में रहकर अपनी मातृभाषा की सेवा करें।महज इसी बात को महादेवी ने निजी जीवन का आदर्श बनाया,और साहित्य सेवा में संलग्न होकर जो ख्याति प्राप्त की शायद विदेशी शिक्षा से ना कर पाती।

वास्तव में महादेवी वर्मा वह शख्सियत थी जिसे खोकर हिंदी साहित्य जगत दोबारा नहीं पा पाया और ना ही आ पाएगा।

सुधांशु पांडे÷निराला÷
प्रयागराज,उत्तर प्रदेश,भारत.

# हिन्दी एक प्रभावशाली भाषा है; मध्देशिया

हिन्दी से हमारा अभिप्राय हिन्दी के कवियों अथवा साहित्यकारों से है । जो अपनी लेखनी द्वारा अपने विचारों को कविता, कहानी, निबंध, लेख आदि में परिवर्तित करते हैं । किन्तु क्या उनका मार्ग सही दिशा में जाता है ? क्या वे अपनी लेखनी द्वारा किसी अन्य भाषी लोगों को प्रभावित कर पाते हैं ? नहीं । अतः यह कहना कि हिन्दी एक प्रभावशाली भाषा है । वहाँ तक ही उचित है, जहाँ तक देवकीनन्दन खत्री जैसे साहित्यकार %चन्द्रकान्ता% जैसी रचनाओं से अन्य भाषी पाठकों एंव साहित्यकारों को हिन्दी की ओर आकर्षित करते हैं । हिन्दी को एक प्रभावशाली भाषाबनाने के लिए हमें ऐसी भाषा लिखनी चाहिए, जो। हर पाठक सहज समझ जाये । साहित्य में मनोरंजन के साथ- साथ गम्भीरता तथा मन का विचरण होना आवश्यक है । अतः हिन्दी भाषी कवियों अथवा साहित्यकारों का यह कर्तव्य है कि वह जहाँ तक हो सके ऐसे पुस्तक की रचना करें, जिसे पढने के लिए %चन्द्रकान्ता% के भांति अन्य भाषी पाठकों एंव साहित्यकारों को पुनः हिन्दी सीखना पड़ें ।



महेन्द्र कुमार मध्देशिया
सिध्दार्थनगर, उत्तर प्रदेश

### हिन्दी

हिन्दी भाषा भारत के
माथे की है बिंदीए
हमें जोड़ती सदा
एकता में हिन्दी।

गाँधी जी ने किया
इसके लिए संघर्षए
हिन्दी का हो रहा
चहुँ ओर उत्कर्ष।



हिन्दी सिखाती है सदा
संस्कृति और संस्कारए
तभी तो हर कोई करे
इसका आदर व सत्कार।

अंग्रेजियत की नकल से
न बनें दासता के दीवानेए
याद करें अपना गौरव
शहीदों के परवाने।

सबसे उत्तम हिन्दी
उन्नति की है भाषाए
आज हिन्दी गढ़ रही
नित् नई.नई परिभाषा।

आकांक्षा यादव
लखनऊ

# धर्मांधता कहाँ जाकर खत्म होगी

धर्म जितना इंसान को जानवर बनाता है उतना तो शायद दारू भी नहीं बनाती।धर्म का नशा पाक होना चाहिए नहीं की वहसियत भरा। जेहाद छेड़ो तो अपनेपन की,भाईचारे की। नफ़रत के बीज से नफ़रत ही पैदा होगी।

स्वामी विवेकानंद के अनुसार धर्म लोगों को संगठित करने का कार्य करता है और भाईचारे की भावना के साथ समाज को समग्र विकास के पथ पर अग्रेसर करता है। सामाजिक एकता को बढ़ाना विश्व के सभी धर्मों की स्थापना का मूल उद्देश्य है। महात्मा बुद्ध ने भी धर्मम शरणं गच्छामि, संघम शरणं गच्छामि का संदेश दिया। अर्थात् उन्होंने धर्म के शरण में और इस प्रकार संघ के शरण में अर्थात संगठित होने का आह्वान किया जो कि ये संदेश आपसी एकता एवं भाईचारे को परिभाषित करता है।

चलो मान लिया आपको आपके आराध्य प्यारे है पर किसके सपने में आकर कहा की कत्ले-आम करो, लड़कीयों का जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवा कर शादी करो, गाय की हत्या करो , धार्मिक त्यौहार पर एक जीव की हत्या करके उसे पकाकर आरोगना ये कहाँ का धर्म कहलाता है। धर्मांधता की हद है इंसान इंसान ना रह कर क्या बन जाता है.!

दारु पी कर इंसान सच बोलता है, भावुक होता है, शांति से सो जाता है पर धर्म का नशा खूंखार है।।उस नशे ने इंसान को कट्टरवादी बना दिया है इंसान में इंसान नहीं लोग मज़हब ढूँढने लगे है।



गाते तो है सब ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवान। अरे जब ईश्वर अल्लाह एक है तो उनके नाम पर इतनी बवाल क्यूँ।

क्यूँ एक दूसरे को जानने समझने की बजाय दुश्मन बने बैठे है। बहुत से हिन्दुओं को श्रद्धा पूर्वक दरगाह पर जाते है, तो बहुत से मुस्लिमों को सादर मंदिर में सर झुकाते हुए भी देखा है। ये धर्म के नाम पर अपना उल्लू सीधा करने वालों का एक समूह होता है जिनकी मानसिकता सिर्फ़ देश में अशांति फैलाने वाली होती है। बिना सोचे समझे धर्म को कूद पड़ते है हाथ में दिखावे की मशाल लेकर की हम रक्षक है धर्म के। कौन से ग्रंथ में ये सब लिखा है जो धर्म के नाम पर आज हो रहा है। हकिकत में इस धर्म के चौले के पिछे भक्षक छुपे है इंसानियत के।

ईश्वरीय धर्म को हटाकर उसकी जगह पर विराजमान हो जाने वाले 'नए क्रांतिकारी धर्म' (सेक्युलरिज़्म) के मांधाता बैठ गए है इसके बड़े घोर दुष्परिणाम मानव-जाति को झेलने पड़ रहे है। उपद्रव, हिंसा, रक्तपात, शोषण, अन्याय, अत्याचार, व्यभिचार, नशाखोरी, शराबनोशी, अपराध, युद्ध, बलात्कार, नरसंहार, अभद्रता, अश्लीलता, यौन-अपराध, हत्या आदि का एक सैलाब बहता है धर्म के नाम पर। जिस पर बाँधा जाने वाला हर बाँध टूट जाता है। इसे मरम्मत करने की जितनी कोशिशें की जाती हैं उन्हें असफल बनाकर यह सैलाब पहले से भी ज़्यादा तबाही मचाता, फैलता आगे बढ़ता चला जा रहा है। देखते है ये धर्मांधता की आँधी ओर कितनी बर्बादी को न्यौता देती है।।

भावना ठाकर बेंगुलूरु भावु

### हिन्दी

(1)
हमारे देश में
उल्टी गंगा खूब बहती है,
हिन्दी दिवस की शुरूआत
अंग्रेजी में उदबोधन के
साथ होती है।
(2)
विद्यालय में
हिन्दी दिवस भी
बहुत उत्साह से
मनाते हैं,
हिन्दी दिवस पर
भाषण प्रतियोगिता
अंग्रेजी में कराते हैं।



सुधीर श्रीवास्तव
शिवनगर, इमिलिया गुरूदयाल,
बड़गाँव, गोण्डा, उ.प्र.,

दैनिक पुष्पांजली टुडे





लंदन के एक रेस्टोरेंट में कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से हर समूह को एक दूसरे से अलग रखा गया।

# चीन में बनी कोरोना वैक्सीन प्रभावी, एक लाख लोगों में नहीं दिखा कोई साइड इफेक्ट

**पेइचिंग।** चीन की चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप ने अपनी कोरोना वैक्सीन को बिल्कुल सुरक्षित और प्रभावी बताया है। कंपनी ने अपने बयान में बताया अब तक जिन लोगों को इस वैक्सीन के दोनों टीके लगाए जा चुके हैं, उनमें कोई साइड इफेक्ट नहीं दिखाई दिया है। कंपनी ने कहा कि अब तक इस वैक्सीन की डोज लगभग 1 लाख लोगों को दी जा चुकी है। चीन ने तत्काल उपयोग के लिए कोरोना वायरस के तीन वैक्सीन को मंजूरी दी है। इनमें से दो को चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप (सीएनबीजी) ने विकसित किया है। वैक्सीन की खुराक सबसे पहले संक्रमण की चपेट में आने की संभावना वाले उच्च जोखिम समूह जैसे कि मेडिकल स्टाफ, राजनयिकों को दिए गए हैं। इसके अलावा चीन ने इन वैक्सीनों को अपने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत आने वाले देशों को भी भेजा है। चीन के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अपनी वैक्सीन को लेकर पश्चिमी देशों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हमने फिर से साबित कर दिया है कि कोरोना



के खिलाफ हमारी वैक्सीन बहुत प्रभावी है। यह उन पश्चिमी देशों को करारा जवाब है जो हमारी वैक्सीन की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे थे। चीन की यह वैक्सीन दुनियाभर के अग्रणी कोरोना वायरस वैक्सीनों में से एक है। कोरोना वायरस से निपटने के लिए चीन की विश्व स्तर पर आलोचना हो रही है। यही कारण है कि वह कोरोना वायरस वैक्सीन के विकास को लेकर इतनी तेजी दिखा रहा है। हालांकि उसपर इस संक्रमण को दुनियाभर में फैलाने का भी आरोप लग चुका है। ऐसी भी खबरें आई थी कि चीन ने कुछ लोगों को फाइनल ट्रायल के पहले ही वैक्सीन की डोज दे दी थी। दुनियाभर में कोरोना वायरस फैलाने वाले चीन ने एक महीने पहले ही अपने लोगों को वैक्सीन दे दी थी।

# कराची में भड़का शिया विरोधी आंदोलन



**करांची।** पाकिस्तान के कराची शहर में शिया विरोधी आंदोलन भडक गया है जिसमें हजारों लोग इस आंदोलन में विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतर आए हैं एवं इससे देश में दंगे भडकने की आशंका होने लगी है। सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा पहले से ही प्रदर्शन की चर्चा तेज है एवं लोग सोशल मीडिया के माध्यम से फोटो और वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। आंदोलन के दौरान सडकों पर %शिया काफिर हैं% के नारे लगाए जा रहे हैं एवं आतंकी संगठन सिपाह-ए-सहाबा पाकिस्तान के बैनर लहराए जा रहे हैं। यह संगठन शियाओं की हत्या के लिए पहले से ही विख्यात है। शिया नेताओं ने एक टीवी चैनल के माध्यम से इस्लाम के खिलाफ बयान दिया था। इसके बाद से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। आफरीन ने कहा कि शिया मुसलमानों को धार्मिक शास्त्र पढ़ने के लिए और मुहर्रम शुरू होने पर आशूरा में हिस्सा लेने के लिए हमला किया जाता है। उन्होंने ने कहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान शिया मुस्लिमों के खिलाफ नफरत का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार हैं। कुछ लोग ट्विटर यूजर पर हिंसा को कवर करने वाले पत्रकार बिलाल फारूकी को गिरफ्तार करने की बात लिख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह शियाओं का नरसंहार है। पाकिस्तान में ईशनिंदा एक संवेदनशील मुद्दा है और लोगों को इसका दोषी पाए जाने पर मौत की सजा होती है। आफरीन ने आरोप लगाया है कि कुछ साल पहले शियाओं को मारने के लिए अंजान नंबर से मेसेज किए जा रहे थे।

## पाकिस्तान में विस्फोट से एक सैनिक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा सड़क किनारे विस्फोट होने से एक सैनिक की मृत्यु हो गई है। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार शाम एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। पाक सेना के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस और मीडिया इकाई के अनुसार यह विस्फोट पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजिरिस्तान जिले में एक तलाश केंद्र के पास हुआ। सेना ने बताया कि इस घटना में एक सैनिक की मृत्यु हो गई है। इसके बाद पूरे इलाके की घोराबंदी कर दी गई है और अपराधियों का तलाश की जा रही है। अभी तक किसी भी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# ट्रंप ने इजराइल और बहरीन के बीच शांति समझौता कराया, कहा यह ऐतिहासिक दिन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में बहरीन के साथ एक शांति समझौता करते हुए घोषणा की है कि इससे इजराइल के साथ राजनयिक संबंध सामान्य होने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और बहरीन के किंग हमद बिन इसा अल खलीफा के बीच फोन पर हुई बात के बाद की। इसके करीब एक माह पहले ट्रंप ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजराइल के बीच मध्यस्थता की थी। अगले हफ्ते व्हाइट हाउस में यूएई और इजराइल के नेताओं के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर होने



हैं। ट्रंप ने बताया कि शांति और सहयोग की भावना से प्रेरित होकर नेतन्याहू और अल खलीफा इस पर सहमत हुए हैं कि बहरीन इजराइल के साथ अपने राजनयिक संबंधों को पूरी तरह सामान्य करेगा। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होंगे, सीधी उड़ानें शुरू होंगी तथा स्वास्थ्य, व्यवसाय, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, सुरक्षा और कृषि समेत व्यापक क्षेत्रों में सहयोग के लिए पहल की जाएगी। ट्रंप ने कहा वास्तव में यह एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा अब जब कई देश इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य कर रहे हैं, हमें भरोसा है कि क्षेत्र और अधिक स्थिर, सुरक्षित एवं समृद्ध होगा।

# छात्र ने घर में 50 लोगों के साथ की पार्टी, 9 लाख का जुर्माना

**नाटिंघम।**19 साल के छात्र ने अपने घर में 50 लोगों के साथ पार्टी की जिसके बाद कोरोना महामारी के नियम तोड़ने के लिए उस पर 9.4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. छात्र ने पार्टी आयोजित करने के लिए खेद जताया है और कहा है कि उसने सिर्फ 25 लोगों को आमंत्रित किया था। छात्र का कहना है कि उसने सीमित संख्या में ही लोगों को बुलाया था लेकिन 50 लोग आ गए। कई लोग अपने दोस्तों के साथ आ गए। ब्रिटेन में नॉटिंघम के इस मामले में पुलिस जब घर में पहुंची तो उन्हें 50 लोग पार्टी करते हुए मिले। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छात्र को पहले पार्टी खत्म करने के लिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन बाद में जुर्माना लगाया गया। छात्र ने घटना को लेकर खेद जताया है। लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं की कि वह जुर्माने की राशि भरेगा या नहीं। ब्रिटेन में कोरोना महामारी पर नए नियम लागू होने के कुछ ही दिन बाद ये घटना सामने आई है। ब्रिटेन के नए नियम के तहत एक वक्त में कोई भी व्यक्ति सिर्फ 6 लोगों से मिल सकता है। हालांकि, छात्र जहां पार्टी कर रहा था, उस घर में 6 छात्र साथ रहते हैं एक छात्र ने बताया कि हमने सोचा था कि यह एक छोटी सी पार्टी होगी. लेकिन इन्विटेशन हासिल करने वाले लोग अपने साथियों के साथ आ पहुंचे। वहीं, जुर्माना नहीं देने पर छात्र को कोर्ट में उपस्थित होना होगा।



वेटिकन में पोप फ्रांसिस एक कार्यक्रम के दौरान स्लो फूड मूवमेंट के संस्थापक कार्लो पैटिनी के संबोधन को सुनते हुए।

## ईरान ने अब इजरायल के साथ शांति समझौता करने के लिए बहरीन को कोसा

**तेहरान।** यूएई के बाद अब बहरीन ने इजरायल के साथ शांति समझौता करने की पहल की है। बहरीन के इस प्रयास से ईरान की त्यौरियां चढ़ गई और उसने बहरीन की निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने इस समझौते की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह खाड़ी अरब देश का शर्मनाक और घृणित कदम है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रावार को कहा था कि यूएई के बाद अब बहरीन इजरायल के साथ शांति समझौता करने जा रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बहरीन के इजरायल के साथ संबंध सामान्य होना फलस्तीन के दबे और वंचित लोगों की इतिहास की स्मृति में बना रहेगा। ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने भी बहरीन के कदम की निंदा की और इसे फलस्तीन की जनता के साथ विश्वासघात बताया। ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और बहरीन के शाह हमद बिन अल खलीफा के साथ बात की है। इस बातचीत के बाद तीनों नेताओं ने एक 6 पैराग्राफ का संयुक ?त बयान जारी किया है ।जिसमें इस डील का ऐलान किया गया। बहरीन-इजरायल डील के बाद अमेरिकी राष ?ट्रपति ने ट्वीट किया कि आज एक और ऐतिहासिक सफलता। अब जब कई देश इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य कर रहे हैं, हमें भरोसा है कि क्षेत्र और अधिक स्थिर, सुरक्षित एवं समृद्ध होगा। ट्रंप एक सप ?ताह बाद ही वाइट हाउस में यूएई और इजरायल के बीच डील को लेकर एक समारोह का आयोजन करने जा रहे हैं। बहरीन के विदेश मंत्री भी इस ऐतिहासिक समारोह में मौजूद रहेंगे।

# चीन का रिमोट सेंसिंग गोफेन 02-सी सैटेलाइट प्रक्षेपण में चूका, लगा बड़ा झटका

**पेइचिंग।** चीन को अपने अंतरिक्ष अभियान में बड़ा झटका लगा है उसका रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट जिलिन-एक गोफेन 02-सी शनिवार को कक्षा में पहुंचने से चूक गया। इस सैटेलाइट को स्थानीय समयानुसार शनिवार दोपहर एक बजकर दो मिनट पर जिकुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से कुआझु-1ए राकेट से लॉन्च किया गया था। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार प्रक्षेपण केंद्र ने कहा कि रॉकेट के असामान्य प्रदर्शन के चलते यह अभियान असफल रहा। केंद्र ने कहा कि विफलता के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। पिछले सोमवार को अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट गॉफन 11 की लॉन्चिंग के दौरान चीनी वैज्ञानिकों की लापरवाही से एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। लॉन्चिंग के दौरान ही रॉकेट लॉन्ग मार्च 4 बी का बूस्टर अचानक ही आसमान से एक स्कूल के पास आकर गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। ये बूस्टर्स अत्यंत ज्वलनशील जेट फ्यूल से



भरे होते हैं, जो किसी घातक मिसाइल जितनी चोट पहुंचा सकते हैं। आमतौर पर जब कोई सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा जाता है तो उसके रॉकेट को शक्ति देने वाले बूस्टर्स को लेकर खासी सावधानी बरती जाती है। ये बूस्टर्स रॉकेट को धरती के गुरुत्वाकर्षण बल से बाहर लेकर जाते हैं। जब इन रॉकेट्स का काम या इनका फ्यूल खत्म हो जाता है तो इन्हें रॉकेट से अलग कर दिया जाता है। इस दौरान वैज्ञानिक इस बात का ध्यान रखते हैं कि रॉकेट से अलग होने के बाद धरती पर गिरते समय ये बूस्टर्स किसी रिहायशी इलाके में न गिरें। लेकिन, इस बार चीन के वैज्ञानिकों ने इसका ध्यान नहीं रखा। इस घटना का वीडियो अब तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। जिसमें आसमान से रॉकेट का बूस्टर गिरते हुए दिखाया गया है। यह बूस्टर तेजी से जमीन की तरफ आता है। जिसके कारण वीडियो को शूट कर रहे लोग अचानक चिल्लाने और भागने लगते हैं। कुछ सेकेंड बाद गहरा धुआं उठते दिखाई देता है। बूस्टर के गिरने वाले स्थान पर बड़ा सा गढ्ढा दिखाई देता है और उसके मलबे आसपास बिखरे हुए नजर आते हैं। चीन के शक्तिशाली गोफेन 02-सी को उत्तरी चीन के ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 4 बी रॉकेट के जरिए सोमवार दोपहर 1ः57 बजे प्रक्षेपित किया गया था।

# मुरैना में मेडीकल कॉलेज खोला जायेगा : मुख्यमंत्री चौहान

## चंबल पेयजल परियोजना के लिये 135 करोड़, मुरैना में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सभागार का निर्माण और रिठौरा में महाविद्यालय खोलने की घोषणा, मुख्यमंत्री चौहान, केन्द्रीय मंत्री तोमर व राज्यसभा सांसद सिंधिया ने मुरैना में किया 268.59 करोड़ लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन




**मुरैना।** मुरैना के विकास में बड़े-बड़े आयाम जुड़ेंगे। विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में शामिल होने पहुँचे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना को बड़ी-बड़ी सागातें दीं। उन्होंने कहा मुरैना में मेडीकल कॉलेज खोला जायेगा, जिससे मुरैना सहित पूरे जिले को बेहतर से बेहतर आधुनिक चिकित्सा सुविधायें मिल सकेंगीं। इसी तरह मुरैना शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए 135 करोड़ रूपए की चंबल परियोजना को मंजूरी देने की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की। साथ ही मुरैना शहर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से शानदार सभागार का निर्माण और मुरैना जिले के रिठौरा में महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा की गई। मुरैना शहर एवं ग्रामीण के सुनियोजित विकास के लिये मंजूर हुए 268 करोड़ 59 लाख रूपए लागत के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केन्द्रीय कृषि, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ किया। जिनमें 184 करोड़ 60 लाख रूपए लागत के 8 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं लगभग 84 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लगभग दो दर्जन हितग्राहियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत सहायता भी वितरित की। संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर विकास की नई इबारत लिख रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पौने दो लाख लोगों को पक्के घरों में गृह प्रवेश कराया है। विकास की यह श्रृंखला जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर की पहल पर चंबल क्षेत्र के चहुँमुखी विकास के लिये साढ़े 8 हजार करोड़ रूपए की चंबल अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है। श्री चौहान ने कहा अटल प्रोग्रेस-वे केवल एक सड़क भर नहीं होगी, इसके दोनों ओर इंडस्ट्रीयल कोरीडोर स्थापित होगा। जिसके जरिए हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के प्रयासों से ही भिण्ड व मुरैना जिले की सीमा पर सैनिक स्कूल खुलने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दोहराया कि प्रदेश सरकार इस मूल मंत्र के साथ काम कर रही है कि गरीब की थाली कभी न रहे खाली। इसके लिये सरकार 16 सितम्बर को महाअभियान के माध्यम से शेष गरीब परिवारों को एक रूपए प्रतिकिलो की दर से राशन देना शुरू कर देगी। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कहा कि जिले में ढूंढ-ढूंढकर सभी शेष पात्र परिवारों का पता लगाएँ जिससे एक भी परिवार इस योजना से वंचित न रहे। श्री चौहान ने इस अवसर पर जानकारी दी कि सरकार ने सरकारी नौकरियों की भर्ती पर लगी रोक हटा दी है। जल्द ही पुलिस में भर्ती शुरू होगी। नौजवानों को रोजगार के अन्य अवसर मुहैया कराने के लिये भी सरकार पूरी शिद्दत के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा बंद कर दी गईं जनहित की तमाम योजनायें सरकार ने फिर से शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यह भी कहा कि सरकार फुटपाथ पर काम धंधा करने वाले मसलन बूट पॉलिस, सब्जी-फल बेचने वाले, दाड़ी बनाने वाले, कचौड़ी-समौसे बेचने वाले तथा रेढ़ी के जरिए अन्य छोटे मोटे काम धंधे करने वाले लोगों को 10 ङ्क 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता बिना ब्याज के मुहैया करा रही है। जिससे ये सभी लोग बेहतर ढंग से अपना काम धंधा कर सकें। श्री चौहान ने कहा बिजली बिल का बोझ कम करने के लिये पिछले बिजली के बिल स्थगित कर दिए हैं। अगले माह लोगों को केवल सितम्बर माह का बिल देना होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में किसान हितैषी सरकार काबिज है। सरकार इसी माह 18 सितम्बर को 20 लाख 4 हजार किसानों के खातों में फसल बीमा की 4 हजार 600 करोड़ रूपए की राशि जमा कराने जा रही है। सरकार ने बड़े पैमाने पर किसानों से समर्थन मूल्य पर सरसों, गेहूँ इत्यादि फसलों की खरीदी की है। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार लोगो की समस्याओं के समाधान व प्रदेश के विकास के लिये पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। मुरैना जिले के सुनियोजित विकास में भी नित नए अध्याय जुड़ रहे हैं। उन्होंने खासतौर पर मुरैना शहर में आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर ब्रिज, मुरैना को नगर पालिका से नगर निगम बनाने, नवीन कलेक्ट्रेट व शहीद भवन का निर्माण, गाँव-गाँव में सड़कों का जाल, अटेर से लेकर श्योपुर मार्ग की राष्ट्रीय राजमार्ग में तब्दीली, मुरैना की पेयजल समस्या के समाधान के लिये अमृत योजना का जिक्र किया। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने मुरैना में मेडीकल कॉलेज व अटल बिहारी वाजपेयी सभागार बनाने की मांग मुख्यमंत्री श्री चौहान से की, जिसे मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के पास संकट का समाधान करने के लिये बेहतर कार्यप्रणाली है तथा वे एक सच्चे जनसेवक तो हैं हीं। साथ ही विकासोन्मुखी सोच भी रखते हैं। इसी वजह से कि हम सबकी उम्मीदों के अनुरूप उन्होंने मुरैना के सीतापुर औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिये 101 करोड़ रूपए की सौगात दी है। इसी तरह पिपरसेवा में 55 करोड़ की योजना, नवीन कलेक्ट्रेट भवन, नूराबाद में 50 बिस्तरों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और चंबल प्रोजेक्ट जैसी परियोजनाओं को उन्होंने मंजूरी दी है। पूर्व विधायक श्री रघुराज सिंह कंषाना ने इस अवसर पर स्वागत उदबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 6 माह पहले प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुरैना में विकास की रफ्तार बढ़ गई है। श्री कंषाना ने क्षेत्र के विकास के लिये विभिन्न विकास कार्यों की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। कार्यक्रम में प्रदेश के किसान कल्याण व कृषि विकास राज्य मंत्री श्री गिर्राज डण्डौतिया, पूर्व मंत्री श्री रूस्तम सिंह गुर्जर व श्री मुशीलाल, पूर्व सांसद श्री अशोक अर्गल, जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती गीता हरषाना, पूर्व विधायक श्री शिवमंगल सिंह तोमर व श्री कमलेश जाटव तथा सर्वश्री योगेश पाल गुप्ता व अनिल गोयल अल्ली सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 101 करोड़ 41 लाख रूपये की लागत से इंडस्ट्रियल एरिया सीतापुर क्षेत्र में विकास कार्य, 55 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से इंडस्ट्रियल एरिया पिपरसेवा, 15 करोड़ 8 लाख रूपये की लागत से नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन एवं उप तहसील कार्यालय भवन का निर्माण, 5 करोड़ 17 लाख रूपये की लागत से जरेरूआ नाला स्टॉप डेम निर्माण, 3 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से नूराबाद में 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आवासीय भवन का निर्माण कार्य, 2 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत से जिला पुनर्वास दिव्यांग केन्द्र, 92 लाख रूपये की लागत से जिला चिकित्सालय में 10 बिस्तर का आईसीयू वार्ड एवं 87 लाख रूपये की लागत से शासकीय हाई स्कूल जखौनागढ़ी मुरैना का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 2 करोड़ 85 लाख रूपये की लागत से पढावली से हंसराजपुरा मार्ग, 2 करोड़ 41 लाख की लागत से बमरौली से सांगौली सिद्ध स्थल मार्ग, 2 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत से शनिधाम से बहरोली मार्ग, एक करोड़ 95 लाख रूपये की लागत से बिचौला से ज्वाला का पुरा खड़ियाहार का पुरा नाके का पुरा मार्ग, एक करोड़ 68 लाख की लागत से परीक्षा से देवालय से चक किसनपुर मार्ग, एक करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से बमूर बसई का मजरा जद्दे का पुरा से सुमावली मार्ग, एक करोड़ 63 लाख की लागत से ग्राम भैंसोरा से प्रतापपुरा मार्ग, एक करोड़ 62 लाख रूपये की लागत से गब्बरसिंह का पुरा से अरूआ का पुरा

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना जिले के 5 परिवारों को आवासों की चाबी भेंट की

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 12 सितम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना पहुंचे। इस अवसर पर चंबल भवन में मुख्यमंत्री ने 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये घरों की चाबी सौंपी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांचो हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी कार्यकुशलता भी पूछी। जिन हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी है, उनमें पहाडगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जोनारा की काशीबाई पत्नि लालपति, पहाडगढ़ पंचायत के लज्जाराम खटीक पुत्र लालपति, नाथ कॉलोनी की धर्मो पत्नि सरदार, जारह ग्राम की शिवदेवी पत्नि भीकम सिंह और बिचौली के लक्ष्मण पुत्र रामस्वरूप को आवासों की चाबी सौंपी। आवास की चाबी पाकर पांचो परिवार के मुखिया हुये गदगद।

### मप्र शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर सौपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

**मुरैना।** शिक्षकों की वर्षो से लंबित समस्याओं के संबंध में मप्र शिक्षक संघ मुरैना के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को 5 सूत्रीय ज्ञापन देकर जल्द निराकरण की मांग रखी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान , केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौपते हुए जिलाध्यक्ष डॉ सिकरवार ने कहा कि आपके द्वारा 2018 में सहायक शिक्षको को एकमुश्त पदनाम देने की घोषणा पर आज तक अमल नही हुआ है। जिससे शिक्षकों में नाराजगी ब?ती जा रही है। 35 से 40 साल की सेवा एक भी पदोन्नति नही दी गयी है। जबकि नियमानुसार तीन पदोन्नति मिलनी चाहिए। इसलिए जल्द पदनाम दिया जाए। लाखों कर्मचारियों को नियमित मिलने वाला महगाई भत्ता रोक दिया गया है। काल्पनिक वेतनवृद्धि के स्थान पर वास्तविक लाभ दिया जाए।



### बाल शक्ति पुरूस्कार प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर

**मुरैना।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा असाधारण क्षमता एवं उत्कृष्ट उपलब्धी के लिये बाल शक्ति पुरूस्कार प्रदाय किया जाता है। जिसमें बच्चों के विकास, सुरक्षा एवं कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को बाल कल्याण पुरूस्कार प्रदान किया जाता है। भारत सरकार की पर उपलब्ध है। पुरूस्कार की मार्गदर्शिका तथा आवेदन इत्यादि की विस्तृत जानकारी इस बेवसाइट पर देखी जा सकती है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना जिले के 5 परिवारों को आवासों की चाबी भेंट की

**मुरैना।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 12 सितम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना पहुंचे। इस अवसर पर चंबल भवन में मुख्यमंत्री ने 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये घरों की चाबी सौंपी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांचो हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी कार्यकुशलता भी पूछी।

## शासकीय सेवकों और उनके आश्रित सदस्यों के इलाज के व्यय की प्रतिपूर्ति होगी

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के शासकीय सेवक एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्य, जो आपदा कोविड-19 से संक्रमित होते हैं, ऐसे मरीज के इलाज के लिए प्रदेश के सभी जिलों के अशासकीय निजी चिकित्सालय (नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीकृत निजी चिकित्सालय) में आंतरिक रोगी (आईपीडी) के रूप में जांच, उपचार एवं दवाइयों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति होगी। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. संजय गोयल ने इस आशय का आदेश सभी विभाग, विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त सहित सभी जिला कलेक्टर को भेजा है। कोविड-19 के इलाज में उपयोग आने वाली दवाइयां-टेबलेट फेविपिराविर, इंजेक्शन रेमडिसिविर एवं टोसिलिजुमेब आदि के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक कोविड-19 इलाज के चिकित्सा देयक अपने विभाग के माध्यम से जिले के सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक मध्यप्रदेश के प्रति हस्ताक्षर कराने के बाद शासकीय सेवक के संबंधित विभाग द्वारा ऐसे चिकित्सा देयकों की नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। यह व्यवस्था आपदा कोविड-19 के मरीजों के चिकित्सा देयकों पर लागू होगी। इसके लिए परिपत्र में 16 विभिन्न बिंदुओं के संबंध में स्थिति भी स्पष्ट की गई है।

### प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल आज बैठक लेंगे

**मुरैना।** प्रदेश के राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), विमुक्त घुम्मकड़ एवं अर्द्धघुम्मकड़ जनजाति कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री रामखेलावन पटेल 14 सितम्बर को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेंगे। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## महिला के गले से चेन लूटने वाले दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**मुरैना।** सुबह के समय जीवाजी गंज पार्क से योगा करके लौट रही महिला के गले से सोने की चैन खींचने वाले आरोपीगण दीपक जाटव एवं टिंकल लोखरे की जमानत याचिका न्यायालय ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दी। शासन की ओर से अदालत में अभियोजन ने पक्ष रखा। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि, फरियादी प्रफुल्ल ने अपनी माताजी तथा पिताजी के उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि, दिनांक 31.07.20 को सुबह करीबन 6.30 बजे का होगा मेरी माताजी विमलेश, जीवाजी गंज पार्क से योगा करके वापस मिल एरिया रोड से घर की तरफ आ रही थी तो रास्ते मे अजाक थाने के थोडा पहले अचानक किसी बदमाश ने पीछे से आकर मेरी माताजी के आंखो के उपर हाथ रख दिया। और एक बदमाश ने उनके गले की सोने की चैन खींच ली । मेरी माताजी ने आंखे खोली तो उनकी आंखे चुभने लगी जैसे कि मिर्ची से जलन होती है । मेरी माताजी जोर से चिल्लाई और उन दोनो बदमासो के पीछे-पीछे भागी आस पास रोड पर जा रहे राहगीर भी उन दोनो बदमाशो के पीछे भागे लेकिन दोनो बदमाश गलियो मे घुसकर भाग गये । उसके बाद माताजी घबरा कर घर पर आ गई फिर हम लोगो ने मिलकर गली मोहल्लो में बदमाशो को तलाशा लेकिन कोई पता नही चला।

## युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत थे स्वामी विवेकानन्द : हेमा अग्रवाल

### विकास क्रांति ने विश्व बंधुत्व दिवस पर स्वामी विवेकानंद को किया याद



**मुरैना।** समाजसेवी श्रीमती हेमा अग्रवाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे युवा पीढी के प्रेरणास्त्रोत थे, महान विचारक, समाज सुधारक, देशभक्त थे। व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण होगा ऐसे उनके प्रेरक विचार आज भी युवाओं के साथ-साथ सभी वर्गों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। पूरे कल्प में उनके जैसा महान युगपुरूष न हुआ है न होगा, जिन्होंने इतनी कम आयु में ही भारत की संस्कृति को, विचारों को विश्व के कोने-कोने में पहुंचाया। 11 सितंबर 1893 अमेरिका के शिकागो में विश्व सर्वधर्म सभा में स्वामी जी के द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण की याद में विश्व बंधुत्व दिवस मनाया जाता है। संगठन के प्रमुख रजनीश पंडित ने स्वामी जी को अपना आदर्श बताया और कहा हम और हमारे सभी साथी उनके बताए मार्ग पर चलेंगे, सच्चाई व ईमानदारी से पुरुषार्थ कर राष्ट्र का गौरव बढाने में सहयोगी बनेंगे, साथ ही स्वामी विवेकानंद का एक विचार भी सबसे शेयर किया। उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये। इस अवसर पर संगठन के देवेन्द्र शिवहरे ने बताया कि स्वामी के अंदर छोटे बडे का कोई अभिमान नहीं था।

## चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिये आयोग के निर्देश

**शिवपुरी।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के साथ ही उन्हें नामांकित करने वाले राजनीतिक दलों को आपराधिक प्रकरण यदि हैं, तो उसके संबंध में संबंधित प्रत्याशी और राजनीतिक दल को निर्वाचित प्रक्रिया के दौरान तीन बार समाचार-पत्र और टेलीविजन पर प्रकाशित-प्रसारित कराना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के उप सचिव श्री पवन दीवान ने बताया कि आयोग ने आपराधिक प्रकरणों के प्रचार के संबंध में संबंधित प्रत्याशी और रानजीतिक दल जो उन्हें चुनाव के लिये नामांकित करते हैं, उनके लिये अपने निर्देशों को और कारगर एवं सरल करने का निर्णय लिया है। आयोग सदैव इस नैतिक मापदण्ड पर जोर देते हुए चुनावी प्रजातंत्र की बेहतरी के लिये प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा उक्त संदर्भ में दिये गये निर्देशानुसार अभ्यर्थी और नामांकित करने वाले राजनैतिक दलों को आपराधिक प्रकरणों से संबंधित जानकारी का प्रथम प्रचार नाम वापसी की अंतिम तिथि के 4 दिन के अंदर, द्वितीय प्रचार नाम वापसी की अंतिम तिथि के 5 से 8 दिन के बीच और तृतीय प्रचार चुनाव प्रचार के 9वें दिन से अंतिम दिन के मध्य मतलब कि मतदान के 2 दिन पहले तक करवाना अनिवार्य होगा। इस टाइम लाइन से वोटरों को अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने के लिए सुविज्ञ तरीका प्राप्त होगा। आयोग के उप सचिव ने बताया कि ऐसे प्रत्याशी जो चुनाव लड़े बिना विजयी हुए हैं और इन्हें नामांकित करने वाले राजनीतिक दलों के प्रचार के संबंध में भी यह स्पष्ट किया जाता है कि उन्हें भी आपराधिक प्रकरणों यदि कोई है तो उसके संबंध में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी और उनके राजनीतिक दलों के लिए लागू प्रचार के निर्देशों के पालन करना पड़ेगा। आयोग द्वारा लिए हुए निर्णय अनुसार अभी तक इस विषय में जारी सभी फॉरमेट और निर्देश का सार संग्रह सभी हितग्राहियों की सुविधा के लिये प्रकाशित किया जा रहा है। इसके माध्यम से इस विषय पर वोटरों और अन्य हितग्राहियों में अधिक जागरूकता निर्माण में मदद मिलेगी।



प्राग में प्राग ड्रेगन नौका समारोह में भाग लेते और जश्न मनाते हुए प्रतियोगी।

## आरसीबी की तैयारियों से संतुष्ट हैं विराट



**दुबई।** विराट कोहली की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) आईपीएल के 13 वें सत्र का खिताब जीतने के लिए जमकर पसीना बहा रही है। आरसीबी के सभी खिलाड़ी नेट्स पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। विराट भी अपनी टीम के अभ्यास से संतुष्ट नजर आये। आरसीबी स्टार खिलाड़ियों से भरी होने के बाद भी आज तक खिताब नहीं जीत पायी है। ऐसे में आईपीएल के पहले ही मैच में महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ उसकी राह आसान नहीं होगी। विराट ने अभ्यास सत्र में अपनी टीम की तैयारियों को अच्छा बताया है। विराट ने कहा कि अब सभी खिलाड़ी लय में आ गये है पर शुरुआत में जब खिलाड़ी अभ्यास के लिए उतरे थे तो काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के कारण खिलाड़ी पांच माह तक खेल से दूर थे। विराट ने कहा, %महीनों के बाद जब हमने थ्रो किये तो हमारे कंधे सूझ गए थे। कंधों में दर्द हो रहा था पर बाद में ट्रेनिंग करते-करते मसल्स पहले की तरह काम करने लगीं और अब खिलाड़ी अच्छा महसूस कर रहे हैं। विराट का जो वीडियो आरसीबी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है उसमें वो शानदार शॉट्स लगाते नजर आये हैं। विराट अभ्यास के दौरान एक अलग तरह का शॉट भी खेलते दिखे। आरसीबी के नेट्स पर विराट ऑफ स्टंप के काफी बाहर आकर पुल शॉट खेलते दिख रहे हैं, जो उनके लिए बेहद नया शॉट है जबकि विराट अकसर पारंपरिक शॉट्स खेलते हैं।

# ओसाका ने अजारेंका को हराकर अमेरिकी ओपन जीता



न्यूयॉर्क। जापान की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने अमेरिकी ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। ओसाका ने महिला एकल के खिताबी मुकाबले में बेलारुस की विक्टोरिया अजारेंका को 1-6,6-3,6-3 हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। खिताबी मुकाबले में पहला सेट हारने के बाद ओसाका ने दूसरे सेट में शानदार वापसी की, इसके बाद तीसरा सेट जीतकर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में ओसाका ने अमेरिका की जेनिफर ब्रैडी को 7-6(1), 3-6, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश हासिल किया था जबकि अजारेंका ने अमेरिकी की अनुभवी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को हराया था। अजारेंका तीसरी बार अमेरिकीओपन के फाइनल में पहुंची थीं पर उन्हें इस बार भी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले वह 2012 और 2013 में भी यहां फाइनल में पहुंची थीं पर तब दोनों ही बार उन्हें सेरेना के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## नये अंदाज में दिखे धोनी

**दुबई ।** 19 सितंबर को अबु धाबी में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के साथ होने आईपीएल मुकाबले से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अलग ही अंदाज में नजर आये। धोनी की सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हो रही है। जिनकी प्रशंसकों ने भी तारीफ की है। अब सीएसके ने ने धोनी की कुछ नई तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें धोनी पीले रंग के कपड़ों में नए अवतार में दिखाई पड़ रहे है। जिसके बाद माही के प्रशंसकों ने इस पोस्ट के ऊपर खूब कमेंट किए। वही एक यूजर ने लिखा, एक दम हटके। सीएसके को तीन बार विजेता बनाने वाले धोनी के आईपीएल करियर को देखें तो उन्होंने पिछले 12 सत्र में 190 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर 3,215 रन बनाए हैं और उनका औसत 42.20 का रहा है। धोनी ने आइपीएल में अब तक एक भी शतक नहीं लगाया है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 84 रन रहा है।

# इस कारण से अनिश्चितकाल के लिए टली बीसीसीआई एजीएम





**मुम्बई।** कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सालाना आम सभा (एजीएम) अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गयी है। बीसीसीआई के अनुसार एजीएम ऑनलाइन नहीं हो सकती थी। इसी कारण इसे टाला गया है। इस मामले में बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सभी राज्य क्रिकेट संघों को भी एक पत्र लिखा है। बीसीसीआई तमिलनाडु सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1975 के तहत रजिस्टर है। इस अधिनियम के तहत हर साल 30 सितंबर को आम बैठक बुलानी पड़ती है। वहीं कोरोना संकट को देखते हुए इस बार तमिलनाडु सरकार के रजिस्ट्रेशन विभाग ने इस नियम में कुछ राहत दी है। बीसीसीआई ने इसी ढील के तहत एजीएम टाली है। जय शाह ने राज्यों को भेजे पत्र में कहा, कोरोना वायरस के चलते तमिलनाडु सरकार के रजिस्ट्रेशन विभाग ने तमिलनाडु सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1975 के तहत रजिस्टर सोसायटियों की एजीएम बुलाने के समय को तीन महीने के लिए आगे बढ़ा दिया है। इसके तहत सितंबर के बजाए दिसंबर तक एजीएम बुलाई जा सकती है क्योंकि एक रजिस्टर्ड सोसायटी की एजीएम ऑनलाइन नहीं बुलाई जा सकती है। इस बारे में 16 जून 2020 को सरकार ने कमर्शियल टैक्सेज एंड रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के जरिए आदेश भी जारी किया था। वहीं बीसीसीआई ने एजीएम को टालने को लेकर कानूनी राय भी ली।

## एशियाई चैंपियन पर मिली जीत से हौंसला बढ़ा : थापा

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ी अनिरुद्ध थापा ने कहा है कि कतर के खिलाफ फीफा विश्वकप 2022 के क्वालीफायर मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेलना भारतीय फुटबॉल के लिए लाभप्रद साबित होगा। थापा ने कहा, '50 वर्षों के बाद यह मैच भारतीय फुटबॉल टीम के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। टीम का मनोबल ऊंचा था पर किसी ने भी टीम से इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद नहीं की थी। हमारे प्रदर्शन पर किसी ने गौर नहीं किया पर एशियाई चैंपियन कतर के साथ ड्रॉ खेलने से भारतीय फुटबॉल का परिदृश्य ही बदल गया।% उन्होंने कहा, 'निर्णायक समय के बाद मैच खत्म होने पर परिणाम से सभी हैरान हो गये थे। कतर की टीम ने भी हमसे ऐसे प्रदर्शन की उम्मीद नहीं की थी। वे चौंक गए थे। उन्होंने उस मुकाबले में हमारी रक्षापंक्ति भेदने की पूरी कोशिश की पर सफल नहीं हो सके।% थापा ने कहा, 'इससे पहले किसी एशियाई टीम ने इस टीम ना तो हराया है और उनके खिलाफ ड्रॉ खेला था। कतर की टीम कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना, कोलंबिया और पराग्वे जैसी टीम के खिलाफ खेलेगी।



## आईपीएल को आपदा के बीच अवसर मानते हैं इयान चैपल

**सिडनी।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा है कि कोरोना महामारी के समय क्रिकेट खेलने का अनुभव पहले से काफी अलग होगा। चैपल ने कहा कि इस समय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट खेलना आपदा में अवसर की तरह है। इससे भारत और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को इस साल के अंत में होने वाली क्रिकेट सीरीज के लिए अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। आईपीएल के 10 नवंबर को समाप्त होने के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ी वहीं से सीधे ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से होने की उम्मीद है, जिसके बाद टेस्ट और फिर एकदिवसीय सीरीज खेली जाएंगी। भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के कारण इस बार आईपीएल संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा।


## सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों में से चार का बाजार पूंजीकरण तीन लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 3,01,847.99 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 15 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 2,51,067.2 करोड़ रुपए बढ़कर 15,68,015.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर चमक में रहे। सप्ताह के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई। वहीं एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 54,801.02 करोड़ रुपए घट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 31,501.27 करोड़ रुपए बढ़कर 8,90,703.56 करोड़ रुपए, इन्फोसिस की बाजार हैसियत 11,138.31 करोड़ रुपए बढ़कर 4,02,683.22 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,141.21 करोड़ रुपए बढ़कर 5,07,327.93 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस रुविके उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,727.92 करोड़ रुपए घटकर 5,93,512.25 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 17,157.73 करोड़ रुपए घटकर 2,68,222.48 करोड़ रुपए, कोटक महिंद्रा बैंक का 9,608.05 करोड़ रुपए घटकर 2,63,207.24 करोड़ रुपए, आईटीसी के बाजार मूल्यांकन 3,383.8 करोड़ रुपए घटकर 2,26,283.99 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 1,823.57 करोड़ रुपए घटकर 2,55,249.73 करोड़ रुपए और एचडीएफसी का मूल्यांकन 99.95 करोड़ रुपए घटकर 3,17,221.68 करोड़ रुपए रह गया।

## खनन कंपनी मॉयल एमपी, महाराष्ट्र में 581 करोड़ की परियोजनाओं पर कार्यरत

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी मॉयल तेजी से उन्नति कर रही है। सार्वजनिक क्षेत्र की मैंगनीज अयस्क खनन कंपनी मॉयल लि. मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के खदानों में 581 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रही है। कंपनी की सालाना रिपोर्ट में यह कहा गया है। मॉयल की 2019-20 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार कंपनी का इन परियोजनाओं को अगस्त 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य है। महाराष्ट्र की मुनसार खदान में कंपनी 51.32 करोड़ रुपये की लागत से 160 मीटर की गहराई पर नया 'वर्टिकल' शॉफ्ट लगा रही है। इस कार्य को अप्रैल 2020 तक पूरा करने का लक्ष्य था।

# अगस्त में रत्न और आभूषण निर्यात जुलाई की तुलना में 29 फीसदी बढ़ा



**मुंबई।** रत्न एवं आभूषणों का निर्यात अगस्त महीने में जुलाई की तुलना में 29.18 प्रतिशत बढ़कर 13,160.24 करोड़ रुपए (176.40 करोड़ डॉलर) पर पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने यह जानकारी दी। अमेरिका, चीन, यूरोप और अन्य देशों की मांग में सुधार से रत्न एवं आभूषणों के निर्यात में सुधार हुआ है। जुलाई में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 10,187.04 करोड़ रुपए या 135.85 करोड़ डॉलर का रहा था। हालांकि सालाना आधार पर रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 38.84 प्रतिशत घटा है। अगस्त, 2019 में रत्न एवं आभूषण निर्यात 21,518.73 करोड़ रुपए या 301.83 करोड़ डॉलर रहा था। अगस्त में कट और पालिश किए हीरों का निर्यात 22.16 प्रतिशत घटकर 9,077.33 करोड़ रुपए (121.67 करोड़ डॉलर) रह गया। एक साल पहले समान महीने में यह 11,661.03 करोड़ रुपए (163.8 करोड़ डॉलर) का रहा था। सोने के आभूषणों का निर्यात अगस्त में 66.25 प्रतिशत घटकर 2,335.22 करोड़ रुपए या 31.30 करोड़ डॉलर रहा। एक साल पहले समान महीने में यह 6,919.28 करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल से अगस्त की अवधि के दौरान रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 43.59 प्रतिशत घटकर 45,189.76 करोड़ रुपए रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 80,116.65 करोड़ रुपए (1,147.81 करोड़ डॉलर) रहा था।





### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की दतिया में घोषणाएं

# चेहरा दिखाया सिंधिया का, सीएम बना दिया कमल नाथ को: सीएम शिवराज



**दतिया।** भांडेर में सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व सीएम कमल नाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वोट तो लोगों ने सिंधिया को देखकर दिया था, लकिन सीएम बनाते समय कमलनाथ को गद्दी सौंप दी। शिवराज ने कहा कि यह तो वही बात हुई कि जवान लड़की को दिखाओ और शादी किसी बूढ़ी से कर दो। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य सभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा में दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर जमकर निशाना साधा। उन्हें चंबल-ग्वालियर का असली गद्दार तक कह दिया। इसके साथ ही 42.8 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन और 16.64 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने भांडेर से उपचुनाव में भाजपा की उम्मीदवार रक्षा सिरौनिया को रिकॉर्ड मतों से जिताने का संकल्प भी दिलाया। शिवराज ने कहा कि कमलनाथ ने सभी योजनाएं बंद कर दी थीं। दिग्विजय और कमलनाथ को तकलीफ क्या थी। अब यह सभी चालू होंगी। वह तो गरीबों के 5 हजार रुपए के कफन का पैसा भी खा गए। अब शिवराज सिंह चौहान आ गया है। खाली हाथ नहीं आया है। 13 हजार भाई-बहनों को लाभ देने आया है। हम जनता के लिए राजनीति करते हैं। अगले महीने से एक ही महीने का बिजली का बिल चुकाना पड़ेगा। बिजली के पिछले बिल सारे खत्म कर देंगे। शिवराज ने कहा कि जितने गरीब भाई-बहन हैं, हमने उनके लिए एक रुपए किलो की अनाज योजना बनाई है। लिख लें। 16 तारीख को दिन के 12 बजे एक रुपए किलो गेहूं देना शुरू कर दिया जाएगा। कोई गरीब अब मध्य प्रदेश में भूखा नहीं सोएगा। मध्य प्रदेश में गरीब की थाली कभी खाली नहीं रहेगी। हम कुर्सी पर बैठकर सत्ता का सुख लेने के लिए नहीं बने। सभी भर्तियों पर रोक हटा दी जाएगी। पुलिस भर्ती परीक्षा भी जल्द ही होगी। -गद्दार दिग्विजय और कमलनाथ हैं... राज्यसभा सांसद सिंधिया ने भी कमलनाथ और दिग्विजय पर जमकर निशाना साधा। कहा- मैं 13 साल की उम्र में भांडेर आया था। यह राजनीतिक संबंध नहीं है। जीवनपर्यंत सेवा करता रहूंगा। एक सरकार ने सत्ता का खेल खेला। मध्यप्रदेश में हमारी भी सोच थी कि 15 साल विपक्ष में रहने के बाद शिवराज सिंह ने विकास की जो लंबी लकीर खींची है, उससे लंबी हम करेंगे। सिंधिया परिवार के मुखिया को कभी भी राजनीति और कुर्सी से मोह नहीं है। आपने पिछले चुनाव में कांग्रेस को केवल अपना वोट ही नहीं दिया। अपना प्यार दिया, दिल दिया और विश्वास भी दिया। पहली बार यहां की 34 में से 26 सीट कांग्रेस की झोली में गई थी। अगर कमलनाथ मुख्यमंत्री बने, तो सिर्फ यहां से बने। ऐसा मुख्यमंत्री बना, जिसने 15 महीने में बल्लभ भवन से बाहर कदम नहीं रखा। गद्दार हम नहीं हैं। सुन ले गद्दार दिग्विजय सिंह और कमलनाथ हैं। उन्होंने जनता के साथ धोखा किया है। इस बार जनता उन्हें अच्छे से सबक सिखाएगी।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षीर सागर अभियान की पुस्तक का विमोचन किया

**मुरैना।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 12 सितम्बर को मंडी प्रांगण मुरैना में क्षीर सागर अभियान की पुस्तक का विमोचन किया। ज्ञात हो कि जल संरक्षण के तहत इस अभियान के तहत मुरैना जिले को केन्द्रीय जल बोर्ड का जल संरक्षण पुरूस्कार 2018 तथा राज्य सरकार का जैव विविधता पुरूस्कार 2019 प्राप्त हो चुका है। इस अवसर पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा पुस्तक का विमोचन किया।



मुरैना जिले में विगत वर्षो में कम बर्षा होने से भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुये मनरेगा एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की अन्य योजनाओं से प्रत्येक ग्राम में तालाब निर्माण की योजना बनाई गई है। इस अभियान को ''क्षीर सागर अभियान'' के नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत मनरेगा व पीएम केएसवाई -वाटरशेड विकास योजना से 1192 तलाव व अन्य जल संरक्षण गतिविधियां की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब एवं जल संरक्षण की अन्य गतिविधियों को करने से क्षेत्र में भू-जलस्तर में वृद्धि के साथ-साथ किसानों को फसलों में सिचांई के लिए पानी की उपलब्धता हो रही है। साथ ही पशु-पक्षीयों, जंगली जानवरों व अधिक नमी संरक्षित होने से जैवविविधता एवं पर्यावरण में भी सुधार हो रहा है। खरीफ और रवि की फसल का क्षेत्र कुल खेती का 29 एवं 40 प्रतिशत है। अनुमानित कुल 1700 परिवार फसल उगाने की अवधि में दो बार 1865 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करने में सक्षम हैं। क्षीर सागर अभियान अन्तर्गत निर्मित तालाब के माध्यम से सिंचाई के कुल सिंचित क्षेत्र में 38 से 100 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। आय में वृद्धिदृप्रति परिवार वार्षिक आय 67019 रूपये से बढ़कर 140623 रूपये हो गई है। जो एक परिवार की पूर्व की आय का 209 प्रतिशत है। रोजगार में वृद्धि-तालाब निर्माण से 65-54 लाख मानव दिवस श्रजित हुए है। लगभग 4900 परिवारों को जानवरों के पालन-पोषण के लिए और घरेलू उद्देश्य के रूप में लाभ हुआ।

# खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने श्रम एवं खनिज विभाग के, अधिकारियों की अलग-अलग बैठक लेकर दिए निर्देश




**ग्वालियर।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रमिकों के हित में शासन द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। श्रमिकों को योजनाओं का लाभ सहज रूप से मिले, इसके लिये अधिकारी सतत उनके सम्पर्क में रहे। उन्होंने खनिज अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि किसी भी जिले में खनिज का अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण न हो। इसे सख्ती से रोका जाये और दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करें। मंत्री श्री सिंह ने रविवार को कलेक्ट्रेट में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के श्रम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों की अलग-अलग बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। श्रम विभाग की बैठक में मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना काल में प्रदेश के श्रमिकों और प्रवासी श्रमिकों के लिये बहुत कार्य किये हैं। श्रमिकों के लिये भोजन व्यवस्था, रोजगार की उपलब्धता के साथ उन्हें उनके निवास स्थान तक पहुँचाया गया है। इस महती कार्य में शासन और प्रशासन ने मिलकर श्रमिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई। स्थानीय स्तर पर काम दिलाने के लिये मनरेगा में आवश्यकतानुसार रोजगारमूलक कार्य प्रारंभ किये गये और श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार दिलाने के लिये रोजगार सेतु पोर्टल भी बनाया गया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों का यह दायित्व है कि रोजगार सेतु पोर्टल में पंजीकृत श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार दिलवाये। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम कल्याण मण्डल एवं कर्मचारी राज्य बीमा सेवा की संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये गये। खनिज विभाग की समीक्षा में मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी कि माहवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित की जाये।

## लूट में असफल होने पर ट्रक चालक को गोली मारी

**ग्वालियर।** देहात के बिजौली थाना क्षेत्र में क्रेशर पर गिट्टी भरने आए ट्रक चालक से बाइक सवार दो युवकों ने पहले लिफ्ट ली बाद में उसे लूटने की कोशिश की जब ट्रक चालक ने विरोध किया तो युवकों ने तमंचे से उसे गोली मार दी तमंचे की गोली चालक के सीने को रगड़ती हुई निकल गई ! पुलिस ने घायल ट्रक चालक को अस्पताल भेज बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार धौलपुर डांग बसई निवासी राजवीर गुर्जर ट्रक चालक है वह ट्रक क्रमांक एमपी 06 एचसी 2713 लेकर इटावा से बिजौली थाना क्षेत्र में स्थित एसआर क्रेशर पर गिट्टी भरने आ रहा था तभी रास्ते में उसे बाइक सवार दो युवकों ने रोक लिया और कहा कि बाइक में हवा कम है इसलिए उसे लिफ्ट दे दे! बाइक सवार युवक ट्रक में बैठ गया और उसके बाद ट्रक चालक से नगदी लूटने का प्रयास किया जब चालक ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसे तमंचे से गोली मार दी जो ट्रक चालक के सीने को रगड़ती हुई निकल गई।

## रंगदारी देने से मना करने पर मारपीट

**ग्वालियर।** पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में स्थित बदनापुर के पास तिघरा घूम कर आ रहे युवक को तीन बदमाशों ने रोक लिया और रंगदारी मांगी जब युवक ने पैसे देने से मना किया तो बदमाश बना उसकी मारपीट कर दी और भाग गए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार टेकनपुर निवासी लोकेंद्र परिहार अपने दोस्त के साथ बीते रोज तिघरा घूमने गए थे जब वह वापस आ रहे थे तभी पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में बदनापुर के पास उन्हें तीन बदमाशों ने रोक लिया और 12 ?100 की रंगदारी मांगी जब लोकेंद्र ने पैसे देने से मना किया तो बदमाशों ने उनकी लात भूतों से मारपीट कर दी और भाग गए! पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है!

### बेटे के दाह संस्कार के बाद पिता ने दम तोडा

**ग्वालियर।** जवान बेटे की मौत का पिता को ऐसा सदमा लगा कि बेटें के दाह संस्कार के बाद पिता ने भी दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार डबरा शहर के गैंडौल रोड पर रहने वाले भूरा बाथम (35) पुत्र गणपत बाथम शु?क्रवार को अपने दोस्तों के साथ दतिया जिले के ग्राम बड़ौन में पिकनिक मनाने के लिए गया हुआ था। वहां नहाने के दौरान तालाब में पैर फिसलने से वह पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। शनिवार को उसका दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार के बाद दोपहर 1 बजे जब परिजन घर लौटे तो पिता गणपत को अचानक से अटैक आया और उन्होंने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार को घर में जवान बेटे की मौत हो गई, जिसका दाह संस्कार के बाद शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। वहीं बेटे के अंतिम संस्कार के बाद घर लौटने के बाद ही पिता की मौत हो गई जिससे शाम को ही उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# जेसीआई ग्वालियर अपनत्व ने जेसी सप्ताह में वाटर प्यूरीफायर लगवाया

**ग्वालियर।** जेसीआई ग्वालियर अपनत्व द्वारा जेसी वीक के दूसरे दिन जस्टिस तंखा मेमोरियल स्कूल में वॉटर प्यूरीफिकेशन लगवाया गया, एवम् सेव वाटर स्वाग तहत पोस्टर लगाए गए एवं सेव वाटर टू नेक्स्ट जनरेशन का मैसेज दिया गया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौराहे पर भी पोस्टर चिपकाए गए ,डाक घर एवं कई क्षेत्रों में पोस्टर लगाए गए इस अवसर पर अध्याय



अध्यक्ष जेसी प्रगति बाथम, सचिव सोनम दुबे, कोषाध्यक्ष शिवा सिंह , सह सचिव ज्योत्सना बाथम एवं राधिका बाथम एव समस्त अपनत्व टीम उपस्थित रही।

## मुख्यमंत्री चौहान आज अशोकनगर व भिण्ड जिले के दौरे पर आयेंगे

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 14 सितम्बर को अशोकनगर एवं भिण्ड जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान इस दिन दोपहर लगभग एक बजे हैलीकॉप्टर द्वारा मुंगावली पहुँचेंगे। मुंगावली के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान हैलीकॉप्टर से रवाना होकर अपरान्ह 3.30 बजे अमायन (मेहगाँव) जिला भिण्ड पहुँचेंगे। अमायन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद श्री चौहान सायंकाल 5 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# डॉ.सिकरवार के नेतृत्व में 197 भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**ग्वालियर।** वरिश्ठ कॉग्रेस नेता एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में दो अलग-अलग आयोजित कार्यक्रमों में 197 पुरूश एवं महिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने कॉग्रेस की नीति एवं रीतियों को समझ कर कॉग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। लभेडपुरा नाकाचन्द्रवदनी में आयोजित कार्यक्रम में 123 एवं जगजीवन नगर में आयोजित कार्यक्रम में 74 भाजपा कार्यकर्ताओं ने कॉग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रमों में डॉ. सिकरवार ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि जिन लोगों ने जनता का भरोसा एवं मत को बेचा है उनको सबक सिखाना है। कार्यक्रमों में डॉ. सिकरवार के साथ मुख्य रूप से षहर जिला कॉग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह माहौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ग्वालियर कृश्णराव दीक्षित, पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ग्वालियर चर्तुभुज धनोलिया, सुधीर मण्डेलिया, लाखन सिंह राजे, प्रमोद जैन, अवधेष कौरव, सुनील रमपुरिया, दीनू कुषवाह, दिनेष पाराषर, नरेष कौषिक, हिमांषु कीकन, नरेन्द्र राजावत, मयंक झा, सचिन कुषवाह एवं कुषवाह समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।


## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि :शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478